

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष शुक्ल चार मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 104 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ टैरिफ के दबाव में भी मजबूत होता भारतीय निर्यात

अरशद वारसी ने किया असुर तीन का एलान ◀◀ 6


### झारखंड में शीतलहर, धुंध और कोहरे ने रफ्तार पर लगाई ब्रेक

# 20 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में क्रिसमस और नववर्ष की तैयारी जोर शोर से चल रही है। बाजार गुलजार हैं। लेकिन शीतलहर और कोहरे ने जीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी है। घर से बुजुर्गों और बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। अस्पतालों से ठंड से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मौसम केंद्र, रांची ने झारखंडवासियों से सावधानी बरतने की अपील की है। दिन में भी सिहरन हो रही है। राज्य के ज्यादातर इलाकों में शीतलहर चल रही है।

**शीतलहर और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित :** मौसम केंद्र, रांची की ओर से 23 दिसंबर की सुबह जारी रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा ठंड लोहरदगा में रिकॉर्ड हुआ है। यहां का न्यूनतम पारा 5.4 डिग्री रहा है। वहीं रांची में 9.5 डिग्री, डाल्टनगंज में 7.5 डिग्री, बोकारो में 9.5 डिग्री, कोडरमा में 9.7 डिग्री, गुमला में 8.5 डिग्री, हजारीबाग में 6.9 डिग्री, खूंटी में 8.0 डिग्री, लातेहार में 9.1 डिग्री और पश्चिमी सिंहभूम में 9.9 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा है। राज्य के आठ जिलों के लिए शीतलहर और कोहरा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग और रामगढ़ जिला शामिल हैं। इसके अलावा 12 जिलों में धुंध और घना कोहरा को लेकर येलो अलर्ट जारी हुई है। इनमें रांची, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिला शामिल हैं।



**अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच घटा गैप :** मौसम केंद्र के मुताबिक अगले 26 जनवरी तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। इस दौरान सुबह के वक्त धुंध और कोहरा देखने को मिलेगा। बाद में आसमान साफ रहेगा। राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में शीतलहर चल रही है। हालांकि 22 दिसंबर की तुलना में अधिकतम तापमान में थोड़ा सुधार हुआ है। फिर भी रांची समेत 13 जिले ऐसे हैं, जहां अधिकतम तापमान 25 डिग्री से नीचे है। घना कोहरा की वजह से 23 दिसंबर को रांची की विजिबिलिटी 50 मीटर रिकॉर्ड हुई है। जबकि डाल्टनगंज में 300 मीटर और देवघर में 400 मीटर रही है।

**सावधानी बरतने की सलाह :** घने कोहरे को देखते हुए मौसम केंद्र ने वाहन चलाते समय फॉग लाइट के इस्तेमाल की सलाह दी है। विमान, ट्रेन या बस से यात्रा करने से पहले स्टेटस जरूर चेक करने के बाद ही घर से निकलें। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। ऐसे मौसम में चेहरे को ढक कर रखने की कोशिश करें। घने कोहरे में कई तरह के प्रदूषक तत्व मौजूद होते हैं, इसलिए आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है।

## पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वाहन पर हमला, 5 की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर पुलिस को निशाना बनाया गया। वाहन पर हुए इस हमले में 5 पुलिसकर्मी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। प्रमुख मीडिया हाउस डॉन के अनुसार मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा के करक के गुरगुरी इलाके में एक पुलिस मोबाइल पर ये हमला हुआ। जिला पुलिस प्रवक्ता शौकत खान ने घटना और हताहतों की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी मारे गए कर्मी कांस्टेबल थे। खान ने बताया कि मारे गए पुलिसकर्मियों की पहचान कांस्टेबल शाहिद इकबाल, समीउल्लाह, आरिफ, सफदर और मोहम्मद अबरार के रूप में हुई है। वाहन का चालक भी इनमें शामिल है।

हम न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि आतंकवादियों ने अचानक हमला किया, जिसमें चार पुलिसकर्मी मौके पर ही मारे गए, जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हमले के बाद, पुलिस बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने तुरंत इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं की है।

वहीं, डॉन के अनुसार, घटना की सही जानकारी तुरंत सामने नहीं आई, लेकिन पुलिस प्रवक्ता ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वाहन बुरी तरह जला हुआ देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की निंदा की और जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया।

## हरियाणा में बड़ा हादसा: पांच लोगों की मौत से मचा हड़कंप, उत्तर प्रदेश से कुरुक्षेत्र आए थे सभी

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र में पिपली रोड स्थित होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी के कारण दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक स्टर्लिंग रिसोर्ट में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान रात के समय एक कमरे में रंग रोगन करने वाली लेबर क्लास के पांच लोग एक कमरे में सोए हुए थे।

**सुबह कमरे में नहीं हुई कोई हरकत :** सुबह जब इस कमरे से कोई बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ की ओर से कमरे की खिड़की से देखा गया। कोई हरकत न होने पर पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर एसएचओ सिटी दिनेश राणा, सेक्टर 7 चौंकी इंचार्ज कमल मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शवों को भेजा गया।

**पेंट करने सहारनपुर से आई थी लेबर :** होटल के सुपरवाइजर उपेंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का ठेकेदार नूर अपनी लेबर के साथ पेंट का काम करने आया था। रात को वे कमरे में सोए थे। सुबह जब सफाई कर्मी ने उन्हें बताया कि इस कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है तो उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से झांककर देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**परिजनों के पहुंचने पर करवाया जाएगा पोस्टमार्टम :** थाना शहर दिनेश राणा का कहना है कि सभी लोगों का परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पहली दृष्टि में पांच लोगों की मौत का कारण दम घुटना है। कमरे में महज एक खिड़की व दरवाजा है जिसे बंद कर पांचों लोग सोए थे।

**बंद कमरे में अंगीठी जलाना खतरनाक :** बता दें कि सर्दियों में लोग ठंड से बचाव के लिए अंगीठी या अलाव जलाते हैं या फिर इलेक्ट्रिक रूम हीटर और ब्लोअर का इस्तेमाल करते हैं। बंद कमरे में इन चीजों को रखने से कई तरह की परेशानियां होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बंद कमरे में कभी भी आग जलाकर या ब्लोअर या फिर रूम हीटर नहीं रखना चाहिए क्योंकि, कमरे में मौजूद ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। इसके कारण व्यक्ति का दम घुटने लगता है और बेहोशी की हालत में व्यक्ति की मौत हो जाती है।

## पेसा नियमावली मामले में सचिव हुए हाजिर, हाईकोर्ट को बताया-आज कैबिनेट में रखा जाएगा बिल

**संवाददाता**

**रांची:** पेसा नियमावली से जुड़ी अवमानना याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ में सुनवाई हुई। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि सुनवाई के दौरान पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार सशरीर उपस्थित रहे। सचिव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पेसा नियमावली का प्रारूप तैयार हो चुका है। मसौदे को कैबिनेट के समक्ष भेज दिया गया है। इसको कभी भी कैबिनेट में पेश किया जा सकता है। सरकार की ओर से दलील पेश करने के बाद समय की मांग की गई। खंडपीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी 2026 निर्धारित की है।




दरअसल, 18 दिसंबर को पिछली सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने नियमावली लागू नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई थी। अदालत ने पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार को 23 दिसंबर को तय सुनवाई के दौरान टाइम फ्रेम करने को कहा था। तब सरकार की ओर से बताया गया था कि मामला कैबिनेट को भेजा जा चुका है। याचिकाकर्ता की ओर से अभिषेक रॉय, दलील पेश की।

**बालू और लघु खनिज के आवंटन पर रोक जारी :** बता दें कि पेसा नियमावली लागू नहीं होने पर आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई है। खंडपीठ ने 9 सितंबर को राज्य में बालू और लघु खनिज के आवंटन पर रोक लगा दिया था। राज्य सरकार की ओर से 4 दिसंबर को रोक को हटाने का दोबारा आग्रह किया गया था लेकिन खंडपीठ ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने विभागीय सचिव से पूछा था कि जनहित याचिका में आदेश पारित हुए 13 माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक पेसा नियमावली लागू क्यों नहीं की गयी है।




## समाचार सार

### गणित प्रतियोगिता में शुभांशु राज को मिला प्रथम स्थान, किया गया पुरस्कृत

**गिद्धौर(चतरा) :** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक पर संचालित शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।गणित प्रतियोगिता में कक्षा एक से तीन एवं कक्षा चार से नौ तक दो खंड में किया गया। प्रतियोगिता में शुभांसु राज ने प्रथम प्राप्त किया।प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शुभांशु राज को पुरस्कृत किया गया।साथ ही साथ द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया,बहन को प्रधानाचार्य बिनोद दांगी एवं शिक्षकों के द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।मौके पर छात्र व छात्राओं के साथ साथ विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### अंकों के जादूगर रामानुजन की स्मृति में जयंती का आयोजन



**चतरा :** चतरा जिला मुख्यालय के दीभा स्थित स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के असेंबली हॉल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर जी की 138वीं जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह, विद्यालय प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह, वरीय आचार्य सुनील सिंह, आचार्य सचिन दुबे एवं आचार्य गोविंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती माता एवं श्रीनिवास रामानुजन अयंगर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर भैया-बहनों द्वारा श्री रामानुजन जी की जीवन-यात्रा एवं गणित के विविध पक्षों पर आधारित रोचक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विद्यार्थियों ने सवा, डेढ़, ढाई के पहाड़े, उलटी गिनती तथा गणितीय कविता के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं गणितीय प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।विद्यालय के वरीय आचार्य सह शैक्षणिक प्रभारी सुनील सिंह ने सभी भैया-बहनों को रामानुजन जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन हमारे देश के महान गणितज्ञ थे, जिन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया तथा अनेक जटिल गणितीय समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए।मंच को संबोधित करते हुए गणित आचार्य सचिन दुबे ने कहा कि महज 33 वर्ष की अल्पायु में श्री रामानुजन ने अपने विलक्षण एवं अद्भुत ज्ञान से गणित की दुनिया को अमूल्य धरोहर प्रदान की, जो आज भी विश्वभर के गणितज्ञों के लिए प्रेरणा है।विद्यालय प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह ने श्री रामानुजन के जीवन, उनके गणितीय योगदान एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। उनके प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा जागृत हुई।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कक्षा नवम ह्यसह्ल की बहन प्रियांशी तिवारी एवं अनामिका कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्रीनिवास रामानुजन जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।इस आशय की जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी मनीष कुमार ने दी।

### बंदूकधारियों ने गोली मारकर की युवक की हत्या



**खूंटी :** जिला के कर्रा थाना अंतर्गत गुयु गांव में सोमवार सुबह एक 25 वर्षीय युवक की अज्ञात बंदूकधारी द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। पीड़ित की पहचान गुयु ग्राम निवासी रोहित तिग्गा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रोहित के दो दोस्त उसे घर से बुलाकर ले गए। सुबह साढ़े सात बजे तक रोहित गांव में ही अपने दोस्तों के साथ अलाव ताप रहा था।

उसी वक्त अचानक एक अज्ञात हमलावर ने पीछे से रोहित पर गोली चला दी। गोली सीधे लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा।

गोली की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोग सहम गए। परिजनों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमलावर घटना के तुरंत बाद फरार हो गया है।

पुलिस, रोहित को घर से बुलाकर ले जाने वाले उसके दोनों दोस्तों की भूमिका और गतिविधियों की गहनता से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या इन दोस्तों को घटना की कोई पूर्व जानकारी थी या उनकी कोई संलिप्तता है। हत्या के पीछे के कारणों, जैसे पुरानी दुश्मनी, व्यक्तिगत विवाद, या अन्य कोई मकसद, पर भी जांच केंद्रित है। घटना के समय मौजूद अन्य लोगों और ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विभिन्न कोणों से गंभीरता पूर्वक जांच जारी है। हमलावर की तलाश के साथ-साथ हत्याकांड के असली कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। इस घटना से पूरे इलाके में सदमा और अशांति का माहौल है। यह खबर प्रारंभिक जानकारी पर आधारित है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और नए तथ्य सामने आएंगे, स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

### तोरपा में ट्रैक्टर से टक्कर से बिजली पोल टूटा, 500 घरों में बिजली आपूर्ति ठप



**तोरपा :** सोनपुरगढ़-भाया-मुरहु पथ पर तोरपा थाना क्षेत्र के कुटाम गांव में एक स्कूल के नजदीक अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से विद्युत पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना सोमवार (22 दिसंबर) की रात करीब 9 बजे हुई बताई जा रही है। टक्कर इतनी तेज थी कि पोल टूटकर सड़क की ओर झूल गया, जिससे बड़े वाहनों के आवागमन में बाधा और खतरा पैदा हो गया है। दुर्घटना से बचाव के लिए टूटे पोल के निकट सड़क के दोनों ओर मिट्टी डालकर चेतावनी संकेत दिया गया है, ताकि वाहन चालक सावधानी से वाहन चला सकें। घटना के बाद सुरक्षा कारणों से विद्युत विभाग ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। इससे कुटाम सहित आसपास के गांवों के लगभग 500 घरों में बिजली ठप हो गई है। घटना की सूचना संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है। माना जा रहा है कि मरम्मत का काम शुरू होने के बाद ही क्षेत्र में बिजली आपूर्ति फिर से शुरू हो पाएगी। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारी घटनास्थल का निरीक्षण कर नया पोल लगाने की कार्रवाई करेंगे।

# खूंटी में विधानसभा समिति की समीक्षा बैठक,लंबित मुद्दों एवं विकास कार्यों पर हुई चर्चा

संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति ने मंगलवार को खूँटी जिले का दौरा किया और यहाँ लंबित अनागत प्रश्नों तथा विकासात्मक कार्यों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता समिति सदस्य एवं कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने की। इसमें समिति सदस्य एवं खूँटी विधायक राम सूर्या मुण्डा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ उपायुक्त आर. रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा अतिथि सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने के साथ हुआ।

बैठक के दौरान समिति ने



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के सामने जिले की प्रमुख चुनौतियों और योजनाओं की प्रगति पर गहन विचार-विमर्श किया तथा निर्देश जारी किए:

किसान हितः आपूर्ति विभाग को किसानों को एकमुश्त राशि के भुगतान में किसी भी तरह की देरी न होने के सख्त निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य सेवाएँः सिविल सर्जन से पोस्टमार्टम के बाद शव वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के संचालन की जानकारी माँगी गई।

शिक्षा एवं कल्याणः अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान और स्कूली बच्चों को समय पर पोशाक मुहैया कराने पर जोर दिया गया।

भूमि प्रबंधनः भूमि की ऑनलाइन एंट्री में त्रुटियों को दूर करने और राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बिजली आपूर्तिः विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए।

वन्यजीव संघर्षः हाथियों द्वारा फसल नुकसान की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग को हाथियों के लिए खाद्य वृक्ष लगाने सहित अन्य प्रबंधन करने को कहा गया।

जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, नियमित पेयजल आपूर्ति और सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व तेज गति पर भी चर्चा हुई।

समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें और सभी विकास कार्यों को पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करें। सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता शामिल थे। बैठक का समापन उप विकास आयुक्त द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### बिहार साहित्य सम्मेलन का 44वां अधिवेशन संपन्न

# चतरा की सुप्रसिद्ध कवियत्री डॉ संध्या रानी हुई सम्मानित

**वीरता की संतति न हार को स्वीकारतेः डॉ संध्या रानी**



संवाददाता

**चतरा :** सिख धर्म के नवम् गुरु एवं बलिदानी संत गुरु तेग बहादुर के 350 में बलिदान वर्ष को समर्पित बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन का दो दिवसीय 44 वां अधिवेशन 21 दिसंबर को पटना में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी भाषा के प्रति भारत की दृष्टि सदैव ही श्रद्धा के साथ समर्पित रही है। इस सम्मेलन की सर्वोच्च उपाधि विद्या भारती से राज्यपाल को सम्मानित किया गया। साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ जी ने कहा कि हिंदी भाषा सभी भारतीय भाषाओं को जोड़ने का कार्य करती है।समारोह के मुख्य अतिथि सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी ने कहा कि हिंदी हमारे देश में ही नहीं बल्कि विश्व के कई भागों में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है।देश के प्रत्येक भाग से जाने-माने विद्वानों की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ती रही। छः वैचारिक सत्रों का यह कार्यक्रम विराट कवि सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। देश के कोने - कोने से आए बुद्धिजीवियों के बीच चतरा से डॉ संध्या रानी की उपस्थिति गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में डॉ संध्या रानी को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि पंडित बुद्धिनाथ मिश्र की अध्यक्षता के सानिध्य में काव्य पाठ का अविस्मरणीय बन गया जहां पंक्तियां बलिदान को समर्पित होते हुए कहती हैं कि......वीरता की संतति न हार को स्वीकारते


लगाते बाजी जान की और मृत्यु को संवारते ।

भर कर जोश होश में जो युद्ध में उतरते हैं।

साहस समेटकर समर बस शौर्य को निहारते। विद्वानों के इस जलधि में विद्वता की उर्मि उठ उठ कर मानो गगन को चूमती रही।पद्मश्री विमल जैन, न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद, सत्र संयोजक कुमार अनुपम, जयवर्धन आजाद, भगवती प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ कवियत्री सीमा यादव, निदेशक- केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा, सुनील बाबूराव कुलकर्णी के साथ साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से आए विद्वत की खुशबू से पूरा कार्यक्रम सुभाषित होता रहा। इस कार्यक्रम में डॉ संध्या रानी के सम्मानित होने से उनके प्रियजन और विद्यालय के शिक्षकों समेत समस्त जिले वासियों ने बधाई दी है।

# ममता सरकार की राजनीति का सूरज जल्द डूबने वाला है : योगेश द्विवेदी

संवाददाता




**रांची :** देश के वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी राष्ट्रीय प्रभारी मीडिया ने बांग्लादेश के हिंसा पर ममता सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की अब आप की राजनीति का सूरज जल्द डूबने वाला है ममता ये एक सत्य पथ पर चलने वाले ब्राह्मण की भविष्यवाणी आप के लोगों के मीडिया जिसे हम भगवान् नारद मुनि के वंशज और देश का चौथा स्तंभ कहा जाता है , सत्ता की कुर्सी के लिए इतना गिरकर आपकी सोच आपके पतन का कारण बनेगी। देश और बांग्लादेश की जनता और वहां की मीडिया सब देख रही है। श्री द्विवेदी जी ने बांग्लादेश की सरकार को फटकार लगाते हुए आगे की जानकारी में बताया की बांग्लादेश में हाल ही में हुई हिंसा में मीडिया जगत और वहाँ रहने वाले हिन्दूओ को भारी नुकसान हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने ढाका और अन्य शहरों में मीडिया संस्थानों और हिन्दू पर हमला किया, जिसमें प्रोथोम आलो और डेली स्टार के दफ्तरों में आग लगा दी गई। पत्रकारों और सरकारी इमारतों पर हमले की खबरें भी मिली हैं। हिंसा में कई पत्रकार घायल हुए हैं, और कुछ की मौत भी आतंकी उपाधियों के द्वारा की गई। बांग्लादेश के खुलना में एक पत्रकार की गोली मारकर बेरहमी से हत्या की गई। श्री द्विवेदी जी ने चर्चा को और आगे बढ़ाते हुए कहा हमलों के बाद, बांग्लादेश के ममता के मुख्य सलाहकार, मोहम्मद यूनुस ने मीडिया संस्थानों पर हमलों की निंदा की और कहा कि यह मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने पत्रकारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और हिंसा को रोकने की अपील की। आतंक और उपद्रव करने वालों से बांग्लादेश में उनको गोली मारकर सजा नहीं की अपील की जाती है। बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसा का कारण की जानकारी में श्री द्विवेदी जी कहा की शरीफ उस्मान हादी की हत्या जो प्रमुख छात्र नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता भी थे, उनकी मौत के बाद बंगाल में हिंसा हुई, जिसमें प्रमुख रूप से वहा के हिंदुओं को मीडिया स्थान और पत्रकारों को निशाना बनाया गया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हाजी उस्मान हादी की हत्या के बाद उनके समर्थकों ने व्यापक हिंसा की, जिसमें सरकारी इमारत और मीडिया स्थान पर हमले शामिल हैं। बांग्लादेश के आगामी चुनाव को देखते हुए राजनीतिक तनाव बढ़ गया है, जिसमें हिंसा की घटनाएं बढ़ सकती है। हिंसा के दौरान हमले में हिंदू समुदाय को टारगेट किया गया। हमारे हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले हुए, जिसमें उनकी सुरक्षा को आगे और खतरा पैदा हो गया है। देश का चौथा स्तंभ मीडिया और हिंदुओं पर अत्याचार एक दुखद सूचना बंद ना हुआ, तो देश में उग्र आंदोलन होगा।

### झोलाछाप के चक्कर में एक व्यक्ति की गयी जान

**चतरा :** जिले में एक बार फिर झोलाछाप ने एक व्यक्ति की जान ले ली है। घटना कुंदा थाना क्षेत्र के चिलोई गांव की बताई जाती है। झोलाछाप आशुतोष कुमार के चक्कर में केशर भारती (45 वर्ष) की जान चली गयी। घटना के बाद झोलाछाप अपना क्लिनिक बंद कर फरार हो गया।मृतक के परिजनो ने बताया कि केशर भारती की रविवार की अहले सुबह तबियत बिगड़ गयी थी। दस्त हो रहा था और ठंड लग गया था। सुबह करीब चार बजे परिजनो ने घर से कुछ दूरी पर स्थित अंशु क्लिनिक से झोलाछाप को बुलाया। झोलाछाप ने घर पहुंच कर ईलाज के नाम पर इंजेक्शन दिया। इंजेक्शन देते अधेड़ को स्थिति बिगड़ गई और कुछ ही घंटे में ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद क्लिनिक बंद कर झोलाछाप फरार हो गया। परिजनो ने बताया कि गलत इंजेक्शन देने से केशर की मौत हुई है।

# चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, प्रतिबंधित अपराधी संगठन टीएसपीसी के चार अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**कुख्यात अपराधी निरंजन गंझू उर्फ जठल गंझू गिरफ्तार**

संवाददाता

**चतरा :** चतरा पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई में अपराध की योजना बनाते प्रतिबंधित संगठन टीपीएससी के चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता टंडवा प्रखंड के पिपरवार थाना क्षेत्र से मिली है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरवार थाना के बेंती स्थित मैदान के पास रविवार को कुछ अज्ञात टीएसपीसी के अपराधकर्मी एकत्रित हुए है और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर टण्डवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित



कार्रवाई करते हुए बेंती मैदान के पास से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अपराधियों के पास से 01 पिस्टल, 01 देशी कट्टा ,02 जिंदा गोली, 01 बाईक व 03 मोबाईल फोन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने बताया कि बीते 16 दिसंबर को एकेटी गैरेज के पास इनके द्वारा एक ट्रक चालक पर लेवी वसूलने व भय का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से गोली चलाई गई थी। जिस संदर्भ में खलारी थाना काण्ड सं-85/25, दि-16.12.2025, धारा-118(1)/109/308(4)/3(5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज है। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद पिपरवार थाना कांड संख्या-38/25 दि0-22.12.2025, धारा-25(1-ए)/25(1-बी)ए /26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में निरंजन गंझू उर्फ जठल गंझू (19 वर्ष) पिता बब्लु गंझू, ग्राम पाहनटोंगरी बेंती, थाना-पिपरवार, लालबिहारी कुमार गंझू, (19 वर्ष) पिता-झखर गंझू, ग्राम पहानटोंगरी बेंती, थाना-पिपरवार,रामलाल कुमार गंझू, (24 वर्ष) पिता-तृतीया गंझू, ग्राम-मालमोहरा बेंती, थाना-पिपरवार और अरविंद कुमार गंझू, उम्र (22 वर्ष) पिता-रामसुंदर गंझू, ग्राम-सिरम, थाना-बुढ़मू, जिला-राँची का नाम शामिल हैं।

निरंजन गंझू उर्फ जठल गंझू का पर पिपरवार थाना कांड सं-55/23, दि-20.12.2023, धारा-341/342/385/386/387/435/436/427/504/506/120(बी)/34 भादवि,17 सीएलए एक्ट।पिपरवार थाना कांड सं 56/23, दिनांक-29.12.23, धारा 25 (1-ए)/25 (1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट एवं

17(1)(2) सीएलए एक्ट तथा 16/17 यूएपीए एक्ट।

पिपरवार थाना कांड सं-03/25,21.02.2025, धारा 127(2)/115(2)/329(3)/140(1)/61(2)/3(5)109(1) बीएनएस।

पिपरवार थाना कांड सं-04/25 दि-25.02.2025, धारा-25(1-ए)/25 (1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज है।

छापामारी दल में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बारवार, टंडवा अंचल के पुनि उत्तम कुमार तिवारी,पिपरवार थाना के पुअनि सह थाना प्रभारी अभय कुमार,पिपरवार थाना के सअनि राजेश कुमार यादव और थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पीएम मोदी का बयान ओछी राजनीति का परिचायक: सुबोधकांत सहाय

संवाददाता

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध असम की जनसभा में दिए गए एक बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा कि पीएम मोदी द्वारा कांग्रेस पार्टी पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने का आरोप लगाना ओछी राजनीति व मानसिक दिवालियापन का परिचायक है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। देश की जनता यह भलीभांति जानती है कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में किस राजनीतिक दल की संलिप्तता है?

श्री सहाय ने कहा कि भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराने में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कांग्रेस पार्टी ने ही देश में औद्योगिक क्रांति लाई। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम रहा कि देश में कई सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना की गई। जिससे भारत वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने में सफल हो सका। उद्योग-धंधों की स्थापना कर कांग्रेस पार्टी ने देश में रोजगार के अवसर सृजित किए। आजादी की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

राष्ट्र हित में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता।



सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद ठुकरा दिया। यह देश के प्रति उनके समर्पण की मिसाल है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा द्वारा हमेशा सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया जाता रहा है।

श्री सहाय ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा देश के सार्वजनिक उपक्रमों को अडानी-अंबानी के हाथों सौंपने की साजिश की जा रही है। जनहित के मुद्दों को दरकिनार कर भाजपा सिर्फ सांप्रदायिक मुद्दों को आगे लाकर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का यह कहना कि कांग्रेस पार्टी अवैध प्रवासियों को असम में बसाना चाहती है, सरासर गलत व बेबुनियाद है। भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके। पिछले दस वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है। इन दस वर्षों के दौरान अवैध प्रवासियों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई? भाजपा को यह जनता के सामने सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और हिंदू-मुस्लिम के मुद्दों को उछालने के अलावा भाजपा के पास और कोई मुद्दा नहीं रह गया है। वह सिर्फ सांप्रदायिक मुद्दों को लेकर अपना वोट बैंक मजबूत करना चाहती है।

श्री सहाय ने कहा कि हाल ही में रेल किराए में वृद्धि कर भाजपा ने आम जनता पर और अधिक आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में रियायत, पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पीएम मोदी ने रद्द कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर कीचड़ उछालने से पहले मोदी जी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

भारत में अवैध प्रवासियों का मुद्दा उछाल कर पीएम मोदी जनता को भरमाने में लगे हैं।

# अल्पसंख्यक छात्रों को उच्च शिक्षा में मुख्यमंत्री भागीदारी सुनिश्चित करें: इमरान

संवाददाता

**रांची :** युवा एकता मंच के अध्यक्ष श्री इमरान हसन के अध्यक्षता में आज दिशोम गुरू शिबू सोरेन इंजीनियरिंग खएए एवं मेडिकल ठएएळ कोचिंग संस्थान समारोह के अवसर पर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया इस अवसर पर श्री इमरान हसन ने मांग की है कि उक्त संस्थान में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र छात्रों को भी नामांकन लिया जाए आगे श्री इमरान हसन ने कहा कि संस्थान अल्पसंख्यक बहुल इलाका में है और अल्पसंख्यक को उचित सम्मान मिलना चाहिए



तथा अल्पसंख्यक छात्रों के लिए कम से कम 30% सीट सुरक्षित होना चाहिए इमरान हसन के साथ युवा एकता मंच के प्रतिनिधि मंडल में सरपरस्त अतिकुर रहमान, मो0 मेराज अख्तर, मो0 साजिद, मो0 अशफाक बब्लू, राशिद अहमद, सरताब आलम, मोजम्मिल अंसारी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## हाइवा ने स्कूटी सवार को रौदा 2 की दर्दनाक मौत

**सिल्ली :** बंता टिकर पथ पर लोवादाग घाटद्वार पहाड़ माझ के समीप सोमवार को दिन के करीब साढ़े 3 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ, इस हादसे में चाचा-भतीजा का दर्दनाक मौत हो गया. बताया जाता है कि कोका लगाम गांव की ओर से आने वाले रोड से एक टेम्पू निकल रहा था, वही सिल्ली की ओर से अलकतरा लोड लेकर तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा चालक ने जब अचानक टेम्पू को देखा तो उसका होश उड़ गया और टेम्पू को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर स्कूटी को रौदते हुए पलट गया. स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में स्कूटी में सवार एक युवक को सरकारी सामुदायिक अस्पताल सिल्ली और एक को सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी ले गया. जहां दोनों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया.मृतकों की पहचान सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोवादाग निवासी भूतपूर्व सैनिक राजेंद्र प्रसाद महतो के पुत्र विवेक कुमार 29 बर्ष, एंव वार्ड सदस्य लोवादाग मुरली महतो 50 बर्ष के रूप में हुआ. बताया जाता है दोनों रिश्ते में चाचा भतीजा थे. इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## आत्म निरीक्षण और आंतरिक शांति का प्रतीक है ध्यान

**रांची :** विश्व ध्यान दिवस पर सोमवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नटराज योग संस्थान एवं रिलेशंस कि ओर से पिठौरिया बाडू स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम स्थित प्रेक्षागृह में ह्वविश्व ध्यान दिवसह्व धूम धाम से मनाया गया।

इस अवसर पर नटराज योग संस्थान, आश्रम के भक्तों एवं रिलेशंस के द्वारा योग साधकों ने विश्व ध्यान दिवस पर एक ह्वदिवसीय ध्यान शिविर ह्वका भी आयोजन किया। इस ध्यान दिवस पर आश्रम में वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान सत्र का भी आयोजन किया गया। युद्ध क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए ध्यान योग के उपदेश का उल्लेख करते हुए संस्था कि संचालिका बी के राजमती बहन ने कहा कि आज के मनुष्य के लिए परिस्थितियां किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं है, क्योंकि समाज में विभिन्न मुद्दे भी अब युद्ध की स्थिति पैदा करने लगी है। उन्होंने कई देशों में हुए भीषण युद्ध में सैनिक लड़ाकों के रूप में अंधकार और निराशा में डूबे हुए थे, लेकिन उन्होंने ध्यान और शांति से युद्ध भी जीत लिया। हम बिना योग और ध्यान से अपने जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते हैं। यह द्वितीय ध्यान दिवस पूरा विश्व मना रहा है और पूरे देश को शांति का संदेश स्थापित कर रहा है। हमें अपने जीवन में अपने और अपने परिवार वालों के साथ एवं समाज के हर वर्ग के लोगों को भी मेडिटेशन के लिए जागरूक करने की जरूरत है तभी हम पूरे विश्व को आंतरिक शांति प्रदान कर सकेंगे।

इस अवसर पर नटराज योग संस्थान के योगाचार्य आर्य प्रहलाद भगत ने सभी लोगों को कई ध्यान के प्रमुख आसानो का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी,संगीता बनर्जी,सरिता सिंह,रितेश कुमार, मोहित तिवारी,पवन कुमार, माही कशक, रुचिका श्रीमो,आदि कई लोग उपस्थित थे।

## बीसीआई प्लैटिनम का पावर वन टू वन कार्यक्रम आयोजित

**रांची :** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआई) प्लैटिनम की ओर से पावर वन टू वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन मेन रोड स्थित आरआर अली मॉल में डिजाइन डी इंटीरियर्स के निदेशक मृत्युंजय केसरी ने किया। श्री केसरी ने इंटीरियर डिजाइन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कार्य प्रक्रिया, डिजाइन प्लानिंग और प्रोजेक्ट एक्जीक्यूशन को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि किस प्रकार बेहतर इंटीरियर डिजाइन के माध्यम से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अधिक आकर्षक और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीआई के मेंटर किशोर मंत्री ने नेटवर्किंग की शक्ति और उससे होने वाले व्यावसायिक लाभों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में मजबूत नेटवर्क किसी भी व्यवसाय की सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम ज्ञानवर्धन, अनुभव साझा करने और बिजनेस नेटवर्किंग के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। बीसीआई प्लैटिनम के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सदस्यों के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से अपने सदस्यों के व्यवसायिक विकास को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। इस अवसर पर बीसीआई प्लैटिनम के अध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष जूली कुमारी, सचिव रोहन साहा, कोषाध्यक्ष अमर बाजोरिया, डायरेक्टर अजय कुमार, रमेश कुमार, धीरज ग्रोवर, शिव कुमार सिंह समेत बीसीआई के 50 से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

## आयोग समस्याओं के समाधान के लिए कृत संकल्प है : मथारू

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने सोमवार को कृष्णा नगर कॉलोनी से आए प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर उपाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को झारखंड राज्य में अल्पसंख्यको के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य रूप से मुख्यमंत्री रोजगार योजना, संस्थाओं को अल्पसंख्यक दर्जा, अल्पसंख्यक छात्रावास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए लोन एवं विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए मारंग गोमके छात्रवृत्ति योजना के बारे में बताया एवं इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। बैठक में भाग लेने वाले प्रबुद्ध नागरिकों ने अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर अपनी खुशी जाहिर की एवं कुछ सुझाव भी दिए, सरकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता बताई। उपाध्यक्ष ने सभा में जानकारी दी कि आयोग आपकी समस्याओं के समाधान के लिए कृत संकल्प है।आप लोगों को भी जागरूक रहने की जरूरत है। आप अपनी समस्याओं को लिखित रूप में हमें दें। हम उनका समाधान निकालने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## सीयूजे में रामानुजन को याद कर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

## गणित सभी विज्ञानों की जननी: प्रो. क्षिति भूषण दास



संवाददाता

306

**रांची :** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) के गणित एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से सोमवार को ह्वराष्ट्रीय गणित दिवसह्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 138वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यानों और संवाद सत्रों के माध्यम से गणित की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने गणित को सबसे प्राचीन विषय बताते हुए इसे ह्वविज्ञान के सभी विषयों की मांह्व करार दिया। उन्होंने भारतीय गणित के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए शून्य की खोज और इसके वैश्विक प्रभाव को विस्तार से समझाया।

प्रो. दास ने कहा कि लीलावती, भास्कराचार्य और आर्यभट्ट जैसे महान भारतीय गणितज्ञों ने विश्व को जो ज्ञान दिया, उस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैदिक गणित के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता बीआईटी मेसरा के प्रो. शोभित चक्रवर्ती ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन संघर्षों पर चर्चा की। गणित के क्षेत्र में विश्वप्रसिद्ध ह्वरामानुजन और प्रो. हार्डीह्व के प्रमेय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रो. चक्रवर्ती ने एक अनूठा दृष्टिकोण साझा करते हुए गणित को संगीत की धुन के रूप में समझाया। उन्होंने कहा कि संगीत की जितनी भी धुनें हैं, उनमें कहीं न कहीं गणितीय सूत्रों का अदृश्य प्रयोग हुआ है। आधुनिक संदर्भ में गणितीय सूत्र विशिष्ट वक्ता प्रो. के.बी. पंडा ने रामानुजन की गणितीय उपलब्धियों और वर्तमान शिक्षा नीति में गणितीय ज्ञान की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. पीके परिदा ने रामानुजन के जटिल प्रमेयों को आधुनिक प्रयोगों के माध्यम से सरल रूप में समझाया।

## रांची से 101 सदस्यों का दल खाटूधाम की यात्रा करेगा

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल रांची के तत्वाधान में श्याम प्रेमियों का 101 सदस्य दल निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजीव रंजन मित्तल के नेतृत्व में खाटूधाम की पावन यात्रा करेगा। श्री श्याम मित्र मंडल का दल दो फरवरी 2026 को रांची से इंडिगो की विमान से दिल्ली एवं दिल्ली से विशेष वातानुकूलित आरामदायक बसों में खाटूधाम की ओर प्रस्थान करेगा। खाटूधाम में 2 फरवरी को श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में रात्रि विश्राम करेगा। 3 फरवरी प्रातः को सभी श्याम प्रेमी खाटू से रिंग्स जाएंगे रिंग्स निशान भवन में ध्वज निशानों की पूजन ज्योत आरती कर झूमते गाते नाचते सभी ध्वजा निशान हाथों में लहराते हुए रिंग्स से 17 किलोमीटर के पद यात्रा करते हुए बाबा श्याम को अपनी ध्वज अर्पण करेंगे। मंडल के निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि विगत कई वर्षों से श्री श्याम मित्र मंडल का यह दल खाटू एवं अन्य देवी देवताओं के दर्शन पूजन के लिए रांची से जाता रहा है। 4 फरवरी को श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया है। जयपुर के प्रसिद्ध पाठ वाचक मनोज सेन श्री श्याम अखंड ज्योति पर करेंगे। अखंड ज्योति पाठ के बाद प्रसाद ग्रहण कर श्याम भक्त रात्रि विश्राम खाटू स्थित श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में करेंगे। 5 फरवरी को दल के सभी सदस्य विशेष वातानुकूलित आरामदायक बसों से सालासर बालाजी का दर्शन पूजन करेंगे। बालाजी का दर्शन कर दोपहर के भोजन की व्यवस्था बालाजी मंदिर के प्रांगण में ही करेंगे। झुंझुनू स्थित श्री राणी सती दादी के दर्शन के लिए निकलेंगे। संध्या में दादी का दर्शन पूजन कर पुनः सभी दल के सदस्य खाटू स्थित श्री मित्र मंडल के विश्राम भवन लौटकर आराम करेंगे। 6 फरवरी प्रातः 6:00 बजे सभी दिल्ली की और प्रस्थान करेंगे दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से रांची आ जाएंगे। यह जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# रातू रोड में निगम का अस्थायी आश्रय गृह शुरू



**रांची :** राजधानी में जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत के लिए निगम की ओर से आश्रय गृह की व्यवस्था बहाल की जा रही है। मेन रोड में सदर अस्पताल की चहारदीवारी के पास खुले आश्रय गृह के बाद रातू रोड में भी सुविधा बहाल की गई है। इलाके में आकाशवाणी केंद्र के पास सोमवार को निगम से तैयार आश्रय गृह आरंभ हुआ। झारखंड राज्य आश्रय गृह समिति के अध्यक्ष एके पांडे ने आश्रय गृह का उद्घाटन किया। यहां दस महिला व इतने ही पुरुष के लिए बिछावन, गर्म कपड़े, कंबल, हीटर व पेयजल की सुविधा बहाल की गई है। बताया गया कि निगम की ओर से खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले जरूरतमंद लोगों का निगम की टीम रेस्क्यू कर रही है। उन्हें पास के आश्रय गृह में रखा जा रहा है। निगम की ओर से शहरवासियों से आग्रह किया गया है कि कहीं कोई व्यक्ति खुले में ठंड से प्रभावित अवस्था में दिखाई दे, तो इसकी सूचना निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर दें। इससे प्रभावित व्यक्ति को समय पर सहायता मिल सके।

## एससी समुदाय के राजनीतिक अधिकारों से समझौता स्वीकार नहीं : नायक

**रांची :** रांची नगर निगम में आरक्षण रोटेशन के तहत अनुसूचित जाति के मेयर आरक्षण को समाप्त कर अब सिर्फ दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इस संबंध में आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड सरकार के संबंधित उच्च अधिकारियों को आधिकारिक ईमेल भेजकर कड़ा आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने ईमेल मुख्यमंत्री, राज्य निर्वाचन विभाग, नगर विकास विभाग तथा रांची डीसी कार्यालय को भेजा है। जिसमें कहा गया है कि ह्वएससी मेयर आरक्षण खत्म सिर्फ दो सीट यह बदलाव नहीं, समुदाय को कमजोर करने की चाल है। श्री नायक ने अपने भेजे गए ईमेल में कहा है कि एससी समुदाय के राजनीतिक अधिकारों से समझौता स्वीकार नहीं होगा।

## अन्याय के खिलाफ उठने वाली हर आवाज एक है : मोहम्मद शाहिद

**रांची :** झारखंड मुस्लिम युवा मंच' के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ने वैश्विक और क्षेत्रीय अशांति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक साझा मानवीय संकल्प की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि दुनिया में कहीं भी हो रहा अन्याय, मानवता के विरुद्ध अपराध है और इसके खिलाफ चयनात्मक होने के बजाय हमें एकजुट होना होगा। सरहदों से परे साझा दर्दः प्रेस को संबोधित करते हुए शाहिद अय्यूबी ने कहा, चाहे वह फिलिस्तीन की लहूलुहान जमीन हो, जहाँ मासूमों की चीखें पूरी दुनिया के इंसाफ को ललकार रही हैं, या बांग्लादेश में भय के साये में रह रहे अल्पसंख्यक परिवार–न्याय और सुरक्षा पर हर इंसान का बराबर हक है। हम ढाका से लेकर गाजा तक, हर उस मजलूम के साथ खड़े हैं जिस पर जुल्म हो रहा है। बहुसंख्यक समाज की ऐतिहासिक जिम्मेदारीः अय्यूबी ने भारत की साझा संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान इस बात से होती है कि वहाँ का बहुसंख्यक समाज अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए कितनी मजबूती से खड़ा होता है। उन्होंने कहा, ₹जब बहुसंख्यक वर्ग अल्पसंख्यकों की ढाल बनता है, तो नफरत की दीवारें खुद-ब-खुद ढह जाती हैं। भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की परंपरा ही आज के वैश्विक संकट का एकमात्र समाधान है। अन्याय के खिलाफ एक वैश्विक पुकारः झारखंड मुस्लिम युवा मंच ने उन सभी पीड़ितों के प्रति संवेदना और एकजुटता जाहिर की जिन्होंने नफरत और हिंसा के कारण अपनों को खोया है। शाहिद अय्यूबी ने विशेष रूप से नाम लेते हुए कहा, ₹हम इंसाफ की मांग में हर पीड़ित के साथ हैं, चाहे वह बांग्लादेश का दीपू चंद्र दास हो, बिहार के अतहर और कादिर हों, झारखंड के तबरेज अंसारी हों, या फिलिस्तीन के वो बेगुनाह बच्चे जिनकी मुस्कान युद्ध की भेंट चढ़ गई।



## डांस झारखंड में डांस के साथ क्रिसमस गैदरिंग

**रांची :** रातू रोड में डांस झारखंड में क्रिसमस के उल्लास में सैकड़ो के संख्या में बच्चों ने डांस किया साथ-साथ सभी बच्चे क्रिसमस के ड्रेस में दिखे लाइव सेंटर डांस, के कटिंग ,सिंगिंग और सारे बच्चों को लव ऑफ टॉकिंग भी देकर क्रिसमस की शुभकामना दी गई. डांस झारखंड समिति के संचालक श्री राम जी ने बताया हमारा कर्तव्य हमारा धर्म भारत में होने और करने वाली हर वह पर्व को हम मानेंगे साथ ही साथ डांस झारखंड के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पेरेंट्स नया साल की शुभकामनाएं भी सभी को दी सभी ने एक दूसरे को विश किया, हाथ मिलाए, गला मिले और भाईचारे की साथ आगे बढ़ाने की रास्ता दिखाएं.

## जेएससीए अध्यक्ष पहुंचे आर्चबिशप हाउस, क्रिसमस की दी बधाई



**रांची :** आज झारखंट स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के अध्यक्ष अजय नाथ शाह देव ने पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस में रांची आर्चडायसिस के आर्चबिशप विंसेंट आइंद एवं प्रोविंशियल सुपीरियर फादर अजीत कुमार खेस से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस की बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर जेएससीए के आजीवन सदस्य जसबीर सिंह खुराना भी उपस्थित थे।

## अरविंद शर्मा अध्यक्ष एवं नंदू शर्मा बने महासचिव

**रांची :** प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति, जिला रांची का चुनाव संपन्न हुआ। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में मुख्य सलाहकार- अवधेश शर्मा, संरक्षक- शशिभूषण शर्मा, उप संरक्षक- अजीत शर्मा, अध्यक्ष- अरविंद शर्मा, उपाध्यक्ष- निरंजन राणा,करण शर्मा,गोविन्द राणा, महासचिव- नंदू शर्मा, सचिव- बृजकिशोर राणा, उप सचिव- कृष्णा राणा, संजय शर्मा,धर्मेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष- हरि किशोर शर्मा, उप कोषाध्यक्ष- गुड्डू शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष- योगेश शर्मा, उप कार्यकारी अध्यक्ष - रंजीत शर्मा,विनय राणा,रविंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी - जितेन्द्र शर्मा व उप मीडिया प्रभारी - उपेंद्र शर्मा बने।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा

**रांची।** रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में हर महीने गौ सेवा किया जा रहा है ' इसी क्रम में दिसंबर माह में कोमल पोद्दार के द्वारा गौ सेवा कराई गई ' गौ माता को हरी सब्जी , गुड,हरी घास, लौकी पत्ता गोभी अन्य सामग्री खिलाई गई ' कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, निकिता जलान, कोमल पोद्दार,समेत अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एंव पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा, रामगढ़)
दूरभाष : 06553–261555 (0) Email : dcramgarh@gov.in
–: नोटिस :–

जिला कल्याण कार्यालय से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन ऋण योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक श्रेणी के लाभुकों को स्वरोगार एवं स्वालंबन हेतु सरकारी संकल्प के आलोक में किफायती ब्याज दर तथा पर्याप्त सब्सिडी के साथ 50,000 रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

विगत विभागीय स्तर पर आयोजित बैठक में कल्याण कार्यालय से इस योजना अन्तर्गत सरकार के द्वारा लाभुकों को उपलब्ध कराई गई ऋण की राशि के वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई तथा मासिक किस्तों की वसूली सुनिश्चित करने तथा डिफॉल्टर लाभुकों तथा उनके गारंटर पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

पूर्व में इस कार्यालय के द्वारा फरवरी 2025 में सभी ऋण धारकों को मासिक किस्त जमा करने हेतु नोटिय तामिला की गई है। पुनः बजरिये इस नोटिस से सूचित करना हैं कि मासिक किस्तों की वसूली में लाभुकों के द्वारा जानबुझकर लापरवाही बरती जा रही है एवं ब्याज दर बेहद कम होने तथा पर्याप्त सब्सिडी होने के बावजूद ऋण की राशि वापस करने में बिल्कुल भी रूची नहीं दिखाई जा रही है।

ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि सरकारी ऋण का सही समय पर वापसी सुनिश्चित करें अन्यथा :–

1. आपके विरूद्ध नियमानुसार ऋण वापसी से संबंधित कार्रवाई की जाएगी।
2. आपका आधार कार्ड और बैंक खाता को ब्लैक लिस्ट करते हुए उसे लॉक करके भविश्य में किसी अन्य बैंकिग अथवा गैर बैंकिग संस्थान से ऋण लेने के लिए आपको अयोग्य घोशित किया जाएगा।
3. इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों के साथ गारंटर के रूप में अपने एफिडेविट और दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों को भी कानूनी कार्रवाई का समना करना पड़ेगा एवं ऋण की राशि के दुरूपयोग / गबन में सहभागी माना जाएगा, तथा उनके बैंक खातों पर भी हॉल्ड लगाने की कारवाई की जा सकेगी।
4. अंतिम विकल्प के तौर पर ऋण की राशि की मासिक किस्ते वापस नहीं करने वाले ऋण धारकों तथा उनके गारंटर के उपर ऋण की राशि के दुरूपयोग / गबन के आरोप में सुसंगत धाराओं के तहत् प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी।

निर्देश दिया जाता है कि उक्त नोटिस के एक सप्ताह के अन्दर सभी बकायेदार अपने–अपने योजना से संबंधित संपूर्ण बकाया राशि एक साथ जिला कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा उत्तरोत्तर कार्रवाई के लिए स्वंय जिम्मेवार होंगे।

ह०/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 369183 District(25-26)D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## उस्मान हादी की हत्या, बहाना और बांग्लादेश में हिंदुओं पर टूटती हिंसा

बांग्लादेश एक बार फिर अराजकता, हिंसा और भय के दौर में फिसलता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक अस्थिरता, सत्ता संघर्ष और कट्टरपंथी समूहों की सक्रियता ने हालात को इतना विस्फोटक बना दिया है कि उसका सबसे आसान और सबसे असुरक्षित निशाना फिर वही बन रहा है जो हर बार बनता है। अल्पसंख्यक, विशेषकर हिंदू समुदाय। हालिया घटनाक्रम में इंकलाब मंच के नेता उस्मान हादी की हत्या ने इस आग में घी का काम किया है, जबकि इस हत्या से हिंदुओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई लेना-देना नहीं है। मयमनसिंह जिले के भालुका उपजिला में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या और उसके शव को सार्वजनिक रूप से जलाया जाना इस बात का प्रमाण है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी भीड़ को हिंसा के लिए किसी ठोस प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। केवल एक आरोप या अफवाह ही पर्याप्त होती है। जिस युवक पर इस्लाम के अपमान का आरोप लगाया गया, उसे न तो कानून के हवाले किया गया और न ही जांच की प्रतीक्षा की गई। भीड़ ने स्वयं जज, जूरी और जल्लाद बनकर हत्या की और फिर शव जलाकर अपने भयावह संदेश को सार्वजनिक सड़कों तक पहुंचाया कि यहां गैर मुसलमान विशेषकर हिन्दू इसी तरह से प्रताड़ि?त कर मार दिए जाएंगे, रोक सको तो रोक लो! यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है कि उस्मान हादी की हत्या और इस हिंदू युवक की हत्या के बीच क्या संबंध है। उत्तर स्पष्ट है कि कोई संबंध नहीं है। किंतु राजनीति और कट्टरपंथ का गठजोड़ अक्सर तर्क नहीं अवसर देखता है। उस्मान हादी एक विवादास्पद, भारत विरोधी और कट्टर जिहादी नेता था। जो पूर्वोत्तर भारत (नॉर्थ-ईस्ट) में 'सेवन सिस्टर्स' (असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा) और सिक्किम को बांग ?लादेश में एक दिन जबरन शामिल कर लेने की बात बार-बार कहता था। वस?तुतः उसकी हत्या के बाद जिस प्रकार का माहौल बनाया गया, उसमें दोष भारत, शेख हसीना और अंततः हिंदुओं पर मढ़ने की कोशिश की गई। यहीं से एक राजनीतिक हत्या को सांप्रदायिक हिंसा में बदल दिया गया। देखा जाए तो यह कोई नई रणनीति नहीं है। पाकिस्तान में भी दशकों से यही पैटर्न देखने को मिलता है। कभी ईशनिंदा के नाम पर, कभी राष्ट्रविरोध के आरोप में, कभी धर्मांतरण से इनकार करने पर तमाम आरोप लगा दिए जाते हैं, भीड़ इकट्ठा होती है और कानून पीछे छूट जाता है। बांग्लादेश जोकि अपने गठन के समय अपेक्षाकृत उदार और धर्मनिरपेक्ष पहचान रखता था, आज उसी रास्ते पर बढ़ता दिखाई देता है जिस पर पाकिस्तान कट्टर इस?लामिक जिहादी सोच पर पहले से चल रहा है। दोनों देशों में समस्या मजहबी है और दोनों ही ओर इस्लाम के नाम पर राजनीति और हिंसा करने वाले कट्टरपंथी तत्व हैं। उस्मान हादी की हत्या को लेकर अनेक सिद्धांत सामने आ रहे हैं। कहीं यूनुस सरकार पर संदेह जताया जा रहा है, कहीं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका की चर्चा है, तो कहीं इसे सत्ता संघर्ष का परिणाम बताया जा रहा है। इन तमाम अटकलों के बीच एक तथ्य अडिग है कि हिंदू समुदाय न तो इस हत्या का कारण है और न ही उसका लाभार्थी। इसके बावजूद हिंसा की दिशा उन्हीं की ओर मोड़ दी गई है। यह दशार्ता है कि अल्पसंख्यक समुदाय यहां केवल एक आसान निशाना है, जिस पर गुस्से और असंतोष की भड़ास निकाली जा सकती है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि भीड़ को यह विश्वास हो चुका है कि वह कानून से ऊपर है, इसलिए ही आज हिन?दुओं की हत?या कर उनके शवों को सड़कों पर जलाया जा रहा है, राजमार्ग जाम किए जा रहे हैं और खुलेआम नारेबाजी हो रही है, जैसे यहां कानून का राज ही नहीं है। ऐसे में भारत के लिए यह स्थिति सिर्फ पड़ोसी देश की समस्या नहीं है। भारत में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। समय-समय पर कट्टरपंथी नेटवर्क सामने आते हैं, कभी बम धमाकों की साजिशों में, कभी लव जिहाद जैसे संगठित अपराधों में, तो कभी ऑनलाइन कट्टरपंथ फैलाने में। अंतर केवल इतना है कि भारत का संविधान, न्यायपालिका और सुरक्षा तंत्र अभी भी ऐसी ताकतों से लड़ने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखते हैं। फिर भी आत्मसंतोष की कोई गुंजाइश नहीं है। बांग्लादेश और पाकिस्तान का अनुभव यही सिखाता है कि यदि कट्टरपंथ को समय रहते नहीं रोका गया तो वह धीरे-धीरे पूरे समाज को बंधक बना लेता है। वहां सबसे पहले अल्पसंख्यक निशाने पर आते हैं, फिर उदार मुस्लिम और अंत में स्वयं राज्य। यह एक फिसलन भरी ढलान है, जिसका अंत केवल अराजकता में होता है। अब प्रश्न यह है कि इसका उत्तर क्या है। उत्तर स्पष्ट है। सख्त कानून, निष्पक्ष शासन और समाज की स्पष्ट एकजुटता। मजहब के नाम पर हिंसा करने वालों को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि न तो राज्य और न ही समाज उनके साथ खड़ा है। भारत के संदर्भ में इसका अर्थ है सतर्कता, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना और किसी भी प्रकार के कट्टरपंथ के प्रति शून्य सहनशीलता। पड़ोस में जो कुछ हो रहा है, वह चेतावनी है, कोई दूर की कहानी नहीं। उस्मान हादी की हत्या भले एक राजनीतिक घटना हो, लेकिन उसके बहाने हिंदुओं पर की जा रही हिंसा यह सिद्ध करती है कि यहां इस?लामिक कट्टरपंथी भीड़ को न्याय नहीं, सिर्फ हिंसा करने का अवसर चाहिए, ताकि वो गैर मुसलमानों को निशाना बना सके। यही सच्चाई बांग्लादेश की सड़कों पर जलते शवों और भयभीत अल्पसंख्यकों की आंखों में साफ दिखाई दे रही है। दूसरी ओर अंतरराष?ट्रीय संस?थाएं जो मानव अधिकार का दंभ भरती हैं, इस समय आश ?चर्य है कि हिन?दू मौतों पर मौन धारण करके अब तक बैठी हुई हैं।

# विकसित भारत : बदलते नैरेटिव और जी राम जी योजना

पिछले कुछ वर्षों में भारत के सांस्कृतिक विमर्श में जो बदलाव आया है, वह आकस्मिक नहीं है। लंबे समय तक राष्ट्रीयता, आस्था और परंपरा को संकीर्ण, पिछड़ा या अप्रासंगिक बताकर एक खास वैचारिक ढांचे के भीतर सीमित किया गया। अभिजनवादी नैरेटिव ने यह तय किया कि क्या आधुनिक है और क्या नहीं, क्या स्वीकार्य है और क्या त्याज्य।

**कैलाश चन्द्र**

भारत आज सिर्फ आर्थिक प्रगति या भौतिक विकास की कहानी नहीं लिख रहा है, वह इस समय अपने सांस्कृतिक मानस, वैचारिक आत्मसम्मान और राष्ट्रीय चेतना के स्तर पर एक गहरे परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विकसित भारत की अवधारणा सड़कों, पुलों, जीडीपी और तकनीक से आगे निकल चुकी है। इसका दायरा समाज की सोच, उसकी स्मृति, उसकी आस्था और उसके आत्मविश्वास तक विस्तृत हो चुका है। तभी यह परिवर्तन नीतियों और योजनाओं के साथ-साथ लोकमानस, लोकप्रिय संस्कृति और सार्वजनिक संवाद में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के सांस्कृतिक विमर्श में जो बदलाव आया है, वह आकस्मिक नहीं है। लंबे समय तक राष्ट्रीयता, आस्था और परंपरा को संकीर्ण, पिछड़ा या अप्रासंगिक बताकर एक खास वैचारिक ढांचे के भीतर सीमित किया गया। अभिजनवादी नैरेटिव ने यह तय किया कि क्या आधुनिक है और क्या नहीं, क्या स्वीकार्य है और क्या त्याज्य। किंतु आज वही लोकभाव, वही सांस्कृतिक स्मृति और वही राष्ट्रीय चेतना नए आत्मविश्वास के साथ पुनः उभर रही है। इस बदलाव की एक स्पष्ट झलक सिनेमा और लोकप्रिय संस्कृति में दिखाई देती है। वर्ष 2001 में जब ह्यगदरह्ण प्रदर्शित हुई थी, तब भी यही दृश्य था। थियेटरों में हाउसफुल शो, जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया और समानांतर रूप से समीक्षकों व मीडिया का उपेक्षापूर्ण रवैया। कहा गया कि देसी गुस्सा, राष्ट्रभाव, पाकिस्तान विरोध और गांव-देहात का नायक कलात्मक या आधुनिक सिनेमा के मानकों में फिट नहीं बैठता लेकिन जनता ने इन आकलनों को नकारते हुए फिल्म को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। यह जनता और अभिजन नैरेटिव के बीच बढ़ती दूरी का पहला बड़ा संकेत था। आज वही परिदृश्य ह्यधुरंधरह्ण जैसी फिल्मों के साथ फिर सामने है। इस बार भी समीक्षाओं से अधिक जमीन पर वर्ड ऑफ माउथ का प्रभाव दिखाई देता है। यह सिर्फ फिल्मी पसंद का बदलाव नहीं है, बल्कि भारत के सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का प्रमाण है। जनता अब अपनी भावनाओं, अपने नायकों और अपनी कथा के लिए किसी वैचारिक अनुमति की प्रतीक्षा नहीं करना चाहती। यह बदलाव तथाकथित सिस्टम को असहज करता है, क्योंकि जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वह अपनी सांस्कृतिक स्मृति और राष्ट्रीयता के साथ सहज हो रहा है। पहले राष्ट्रीयता को संकीर्णता कहकर दबाया गया, आज समाज कह रहा है कि राष्ट्रभाव सामान्य है और इसमें अपराधबोध की कोई आवश्यकता नहीं। पहले आध्यात्मिक आस्था को पिछड़ेपन का प्रतीक बताया गया, आज वही आस्था शोध, संवाद और सार्वजनिक विमर्श का आधार बन रही है। पहले जनता की भावनाओं पर अभिजन दृष्टि हावी थी, आज लोकमानस स्वयं नैरेटिव का स्वामी बन रहा है। यही विकसित भारत का आत्मविश्वासी स्वरूप है। विकास तब तक अधूरा है, जब तक समाज अपनी जड़ों, इतिहास, आस्था और सामूहिक भावनाओं की वैधता को स्वीकार नहीं करता। आज भारत में यह स्वीकार्यता लौट रही है। जनता स्पष्ट कह रही है कि हमारी संस्कृति किसी बाजार, किसी वैश्विक स्वीकृति या किसी बौद्धिक वर्ग की मंजूरी पर निर्भर नहीं। इसी वैचारिक जागरण की परिणति टं'ी ल्ल कल्र्ा, ॐ३' कल्र्ा और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों में दिखाई देती है। ये केवल आर्थिक या प्रशासनिक योजनाएं नहीं हैं, बल्कि सांस्कृतिक स्वावलंबन की घोषणा है। इसीलिए ही स्वदेशीकरण उत्पादों तक सीमित नहीं रह गया है, वह विचारों, प्रतीकों और आत्मविश्वास तक विस्तृत हो रहा है। ह्यगदर और धुरंधर जैसे जन-आख्यान उसी दबे हुए लोकभाव की अभिव्यक्तियां हैं, जिन्हें लंबे समय तक अभिजनवादी नैरेटिव ने नकारा। यह वैधता की पुनर्प्राप्ति है, अपने होने पर गर्व की पुनर्स्थापना। इसी क्रम में जी राम जी जैसी सांस्कृतिक पहल विकसित भारत के सामाजिक आधार को और मजबूत कर सकती है। यह साफ है कि विकसित भारत का भविष्य केवल आर्थिक परियोजनाओं से तय नहीं होगा, बल्कि संस्कृति आधारित पुनर्जीवन से भी निर्धारित होगा। यहां जी राम जी का भाव किसी एक धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं है, यह सम्मान, आत्मीयता और मयार्दा की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। राम यहाँ नैतिकता, सत्य, कर्तव्य और मयार्दा की सांस्कृतिक स्मृति के रूप में उपस्थित हैं।इस पहल का उद्देश्य सामाजिक व्यवहार में संवाद और सौहार्द को पुनर्जीवित करना है। अभिवादन संस्कृति को मजबूत करना, पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक निरंतरता बनाए रखना और संवादहीनता से जूझ रहे समाज में भावनात्मक पुनसंर्बंध स्थापित करना इसके सूक्ष्म किंतु दूरगामी लक्ष्य हैं। जब समाज में संवाद बढ़ता है तब स?वभाविक है कि विश्वास बढ़ता है और जब विश्वास बढ़ता है, तब राष्ट्र अधिक सुदृढ़ और आत्मविश्वासी बनता है।वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान तेजी से बदल रही है। भारत अब स्वयं को केवल विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि परंपरा और आधुनिकता के संतुलन पर आधारित शक्ति के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। शिक्षा, संचार और सांस्कृतिक विमर्श में वैदिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जोड़ा जा रहा है। युवा शक्ति इस परिवर्तन का केंद्र है। डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और शासन में बढ़ती भागीदारी विकसित भारत 2047 को ठोस आधार दे रही है।अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत नैतिक नेतृत्व, विश्व शांति और रणनीतिक स्वायत्तता के साथ उभर रहा है। गुटनिरपेक्षता से आगे बढ़कर भारत अब वैश्विक एजेंडा गढ़ने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता की दिशा और सांस्कृतिक आत्मविश्वास, ये सब मिलकर भारत को एक नई वैश्विक पहचान दे रहे हैं। आज का भारत स्पष्ट रूप से कह रहा है कि विकास सिर्फ आँकड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि आत्माभिमान, संस्कृति और न्यायपूर्ण संवाद में भी दिखाई देना चाहिए। गदर और धुरंधर जैसी फि?ल्में इस बात का संकेत हैं कि जनता अब अपनी कथा स्वयं गढ़ रही है और जी राम जी जैसी सांस्कृतिक पहलें इस यात्रा को स्थायित्व प्रदान कर सकती हैं। यही विकसित, उभरता और आत्मविश्वासी भारत है जोकि अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अपनी चेतना के जागरण से भी निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्तम्भकार हैं।)**

# टैरिफ के दबाव में भी मजबूत होता भारतीय निर्यात

इसके बजाय सरकार ने शांतिपूर्वक अपने विकल्पों पर काम किया और मित्र देशों के साथ निर्यात तथा व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए। जिन वस्तुओं का निर्यात अमेरिका को प्रभावित हो रहा था, उन्हें अन्य मित्र देशों के बाजारों की ओर मोड़ने की रणनीति अपनाई गई।

**प्रहलाद सबनानी**

27 अगस्त 2025 को अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाले विभिन्न उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इसमें 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ और 25 प्रतिशत अतिरिक्त सेकेंडरी टैरिफ शामिल था, जो रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाया गया। इस निर्णय के बाद यह व्यापक आकलन किया जा रहा था कि भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान उठाना पड़ेगा। लेकिन भारत ने इस दबाव का जवाब संतुलित कूटनीति और व्यावहारिक रणनीति से आज दे दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान भारत के किसी भी जिम्मेदार मंत्री या अधिकारी ने सार्वजनिक मंचों पर अमेरिका के विरुद्ध कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बजाय सरकार ने शांतिपूर्वक अपने विकल्पों पर काम किया और मित्र देशों के साथ निर्यात तथा व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए। जिन वस्तुओं का निर्यात अमेरिका को प्रभावित हो रहा था, उन्हें अन्य मित्र देशों के बाजारों की ओर मोड़ने की रणनीति अपनाई गई। इस रणनीति का सकारात्मक असर नवंबर 2025 में जारी हुए निर्यात आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नवंबर 2025 में भारत के कुल निर्यात में 19.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो यह दशार्ती है कि अमेरिकी टैरिफ का अनुमानित नकारात्मक प्रभाव उतना गंभीर नहीं रहा, जितना प्रारंभ में माना जा रहा था। हालांकि अगस्त 2025 में टैरिफ का असर आंशिक रूप से दिखा था। जुलाई 2025 में भारत के कुल निर्यात में 13.3 प्रतिशत और अमेरिका को निर्यात में 27.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो अगस्त में घटकर क्रमशः 5.8 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत रह गई। सितंबर 2025 में अमेरिका को निर्यात की वृद्धि दर नकारात्मक होकर 11.9 प्रतिशत रही और अक्टूबर में यह 8.6 प्रतिशत नकारात्मक रही। इसके बावजूद नवंबर 2025 में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला और अमेरिका को निर्यात में 22.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह आंकड़ा इस प्रश्न को स्वतः जन्म देता है कि 50 प्रतिशत टैरिफ का वह प्रभाव कहां गया, जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। वस्तुतः, भारत ने निर्यात के विविधीकरण और नए बाजारों की ओर तेजी से कदम बढ़ाकर इस झटके को काफी हद तक संतुलित कर लिया। अमेरिका द्वारा बनाए जा रहे दबाव के इस दौर में कई देशों ने भारत से आयात को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाकर अप्रत्यक्ष रूप से भारत की स्थिति को मजबूत किया। नवंबर 2025 में स्पेन को भारत का निर्यात 181.3 प्रतिशत बढ़ा, फ्रांस को 65.7 प्रतिशत, वियतनाम को 36 प्रतिशत, हांगकांग को 35.5 प्रतिशत, बेल्जियम को 30.9 प्रतिशत, जर्मनी को 24.9 प्रतिशत, ब्राजील को 21.3 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया को 19 प्रतिशत, ब्रिटेन को 15.4 प्रतिशत, संयुक्त अरब अमीरात को 13.2 प्रतिशत और इटली को 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। आश्चर्यजनक रूप से चीन को भारत का निर्यात भी 90.1 प्रतिशत बढ़ा। केवल नवंबर माह ही नहीं, बल्कि अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 की आठ माह की अवधि में भी कई देशों को भारत का निर्यात तेजी से बढ़ा। इस अवधि में स्पेन को निर्यात 54.5 प्रतिशत, चीन को 32.9 प्रतिशत, हांगकांग को 22.4 प्रतिशत, वियतनाम को 14.7 प्रतिशत, अमेरिका को 11.4 प्रतिशत, जर्मनी को 9.3 प्रतिशत, संयुक्त अरब अमीरात को 6.7 प्रतिशत, ब्राजील को 5.1 प्रतिशत और बेल्जियम को 5 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसी अवधि में भारत का कुल निर्यात केवल 2.6 प्रतिशत बढ़ा। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भारत को एक भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार के रूप में देख रही हैं। वास्तव में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अब भारत की ओर रणनीतिक रूप से झुकती दिख रही हैं। जर्मनी, जो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, भारत में अपने निवेश को दोगुना करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। सीमेंस, वोक्सवैगन, बोश और बीएमडब्ल्यू जैसी जर्मन कंपनियां भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं, विशेषकर ऑटोमोबाइल, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में। जापान भी भारत को अपना प्रमुख कूटनीतिक और रणनीतिक साझेदार मान रहा है। चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के चलते जापान भारत के साथ सहयोग को और गहरा कर रहा है। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसमें जापान ने बहुत कम ब्याज दरों पर येन मुद्रा में ऋण उपलब्ध कराया है। टोयोटा और सोनी जैसी जापानी कंपनियां भारत में अपने निवेश को लगातार बढ़ा रही हैं। यूनाइटेड किंगडम, जिसने हाल ही में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है, उसने भी भारत के कुशल युवाओं और विशाल बाजार की ओर आकर्षित हो रहा है। इस समझौते के बाद रेडिमेड गारमेंट्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, कृषि और समुद्री उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि की संभावना है। भारतीय कंपनियां भी ब्रिटेन में निवेश और अधिग्रहण के माध्यम से अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही हैं।

दक्षिण कोरिया, फ्रांस और रूस जैसे देश भी भारत के साथ अपने आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को विस्तार दे रहे हैं। रूस के साथ ऊर्जा सहयोग और फ्रांस के साथ रक्षा तथा ग्रीन एनर्जी में साझेदारी भारत की वैश्विक स्थिति को और सुदृढ़ करती है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में चीन भी भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को संतुलित और मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। कुल मिलाकर, अमेरिकी टैरिफ के बावजूद भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि उसकी अर्थव्यवस्था केवल एक बाजार पर निर्भर नहीं है। निर्यात का विविधीकरण, संतुलित कूटनीति और वैश्विक विश्वास ने भारत को इस चुनौती से मजबूती के साथ उबरने में मदद की है। यह भारत की बढ़ती आर्थिक परिपक्वता और वैश्विक स्वीकार्यता का स्पष्ट संकेत है।

**(लेखक, आर्थिक विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)**

# सुंदरकांड पाठ से खत्म होंगी सभी मुश्किलें

भगवान शिव की उपासना के लिए सावन का महीना सबसे विशेष और पवित्र माना जाता है। सावन में लोग अपने घरों में पूजा-पाठ और अनुष्ठान करते हैं। वहीं सावन में हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त करने का अच्छा मौका होता है। धार्मिक मान्यता है कि सावन के महीने में सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन की कई समस्याओं का अंत होता है और मन को शांति मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सावन में सुंदर कांड के पाठ के लाभ और इसको करने के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



### सुंदरकांड पाठ का महत्व

सुंदरकांड श्रीरामचरितमानस का वह भाग है, जिसमें हनुमान जी की भक्ति, वीरता और बुद्धिमत्ता का वर्णन किया गया है। सुंदरकांड का पाठ करने से जातक के जीवन से नकारात्मकता दूर होती है और व्यक्ति को शक्ति मिलती है। इसलिए अधिकतर लोग मंगलवार के दिन घर पर सुंदरकांड का पाठ करते हैं। इससे भय, रोग और कर्ज की समस्याएं कम होती हैं।

भगवान शिव की पूजा के साथ हनुमान जी की भक्ति करने का फल कई गुना बढ़ जाता है। वहीं हनुमान जी को महादेव का 11वां रुद्र अवतार माना जाता है। इसलिए इस महीने हनुमान जी की पूजा करना विशेष फलदायी होता है। आप सावन के महीने में हनुमान जी का आशीर्वाद पा सकते हैं।

### कब और कैसे करें सुंदरकांड पाठ

हनुमान जी को मंगलवार और शनिवार का दिन समर्पित होता है। सावन में किसी भी दिन इसका पाठ किया जा सकता है।

सुंदरकांड का पाठ करने से पहले स्नान आदि करके स्वच्छ कपड़े पहनें और हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं।

हनुमान जी को लाल फूल, तुलसी पत्र और गुड़-चना अर्पित करें।

पूरी श्रद्धा और ध्यान से सुंदरकांड का पाठ करें।

इसके बाद आरती करें और हनुमान जी से सुख-शांति की कामना करें।

### सुंदरकांड पाठ के लाभ

इसका पाठ करने से मानसिक तनाव कम होता है।

इससे घर में सुख-शांति और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है।

अगर किसी तरह के कोई काम में किसी तरह की अड़चन आ रही है, तो इस अड़चन को दूर करने के लिए आप सुंदरकांड का पाठ करा सकते हैं।

## टिप्स

### रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ है होता है क्या?

आजकल लोग हेल्दी रहने के लिए डिटॉक्स वॉटर जरुर पीते हैं। डिटॉक्स वॉटर एक ऐसा पानी होता है, जिसमें हम फल-सब्जियां रात भर के लिए काटकर छोड़ देते हैं। सुबह इसी पानी का सेवन करते हैं, जिसे हम डिटॉक्स वॉटर के नाम से जानते हैं। इसमें कोई दोहराए नहीं डिटॉक्स वॉटर बॉडी के लिए रिफ्रेशिंग होता है, इसमें कम कैलोरी होती है। डिटॉक्स पानी पीने से शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं और वजन कम करने में भी सहायक करता है। ओवरऑल हेल्थ के लिए डिटॉक्स वॉटर काफी फायदेमंद होती है। लेकिन रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीने से सेफ है या नहीं, आइए आपको बताते हैं।

**क्या रोज डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ होता है** : हां, बिल्कुल रोजाना डिटॉक्स पानी पीने हेल्दी होता है। इसमें मुख्य रुप से किसी भी तरह का आर्टिफिशियल स्वीटनर जैसा कुछ भी केमिकल प्रोडक्ट यूज नहीं होता है। यह पानी मीठा नहीं होता है। डिटॉक्स वॉटर पीने से बॉडी हाइड्रेट होती है और यह किसी मेजिकल कलींजर की तरह काम करता है। इसके सेवन से हमारे बॉडी के टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। यह इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। डिटॉक्स वॉटर में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व होते हैं, जिसका हमारी ओवर ऑल हेल्थ पर असर अच्छा असर पड़ता है। एक रिसर्च के मुताबिक, पूरे दिन में सिर्फ डिटॉक्स वॉटर पीना काफी नहीं है। इससे आपके शरीर को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, किडनी के मरीजों के लिए भी डिटॉक्स वॉटर पीना नुकसानदायक हो सकता है।

**डिटॉक्स वॉटर रोज पीने के फायदे** : हाइड्रेशन में सुधार अक्सर लोग तब तक पानी नहीं पीते जब तक उन्हें प्यास न लगे, जबकि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है। शरीर को सही तरीके से काम करने के लिए हाइड्रेशन आवश्यक होता है। ऐसे में डिटॉक्स वॉटर पीना एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे न सिर्फ शरीर में पानी की कमी पूरी होती है, बल्कि शरीर लंबे समय तक हाइड्रेट भी बना रहता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# ठंड के मद्देनजर चौक-चौराहों पर अलाव जलाने और कंबल वितरण सुनिश्चित करें : उपायुक्त

जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के संचालक 15 जनवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण हो

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक के दौरान उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।खनन से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले के सभी चेक नाकों पर नए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों को 15 जनवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा में उपायुक्त ने शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने तथा हिट एंड रन की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग से जुड़े फॉरेस्ट क्लियरेंस मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा जिसमें अग्निशमन विभाग को जिले के होटल व रेस्टोरेंट का फायर ऑडिट कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने जिले के 126 स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली, पानी एवं संपर्क पथ अप्रोच रोड से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सामाजिक सुरक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने ठंड के मद्देनजर चौक-चौराहों पर अलाव जलाने एवं कंबल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ियों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया।पीएचईडी विभाग की समीक्षा के दौरान बोरियो, बरहेट एवं बड़हरवा ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं पर चर्चा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा में निमार्णाधीन तालाब, चेक डैम एवं जिर्णोधार परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान अपर समाहर्ता गौतम भगत अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला विधकारी सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जबकि अंत में ने सभी अधिकारियों से आपसी सामंजस्य पारदर्शिता व तत्परता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई ताकि विकास योजनाओं का लाभ शीघ्रता से आमजन तक पहुँच सके।

## राज्य सरकार किसानों के समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है : उपायुक्त



**साहिबगंज:** झारखंड सरकार द्वारा खरीफ विपणन सत्र 2025झ26 के अंतर्गत धान क्रय योजना के प्रभावी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आज उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दो एलईडी प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जबकि निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री झुन्नु मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें एलईडी वाहनों के माध्यम से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य धान क्रय प्रक्रिया, ई-उपार्जन पोर्टल,मोबाइल ऐप, पंजीकरण, स्लॉट बुकिंग, भुगतान व्यवस्था किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी आमजन व किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पारदर्शी सुरक्षित समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से दी जाने वाली सूचनाएं किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर सीधे धान विक्रय के लिए प्रेरित करेंगी, जिससे उन्हें टरढ का पूर्ण लाभ प्राप्त हो सकेगा।जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे बिचौलियों से बचते हुए सरकारी क्रय केंद्रों पर धान विक्रय करें तथा डिजिटल सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। यह पहल किसानों के हित संरक्षण, पारदर्शिता और कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# श्रीनिवास रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे : आचार्य

आधुनिक काल के सर्वश्रेष्ठ गणित शास्त्रियों में उनकी गणना की जाती है

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई।सर्वप्रथम विद्यालय के वैदिक गणित के आचार्य अजीत कुमार मालवीय व अजय कुमार साह ने श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य अजय कुमार साह ने बताया की श्रीनिवास रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे।आधुनिक काल के सर्वश्रेष्ठ गणित शास्त्रियों में उनकी गणना की जाती है।अपनी स्वाध्याय प्रवृति और अदभुत अंतर्ज्ञान के बल पर उन्होंने गणित के क्षेत्र में ऐसे योगदान दिए, जिन्होंने विश्वभर के गणितज्ञों को चकित कर दिया।भारत सरकार उनके सम्मान में उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मानती है।आचार्य अजीत कुमार मालवीय ने बताया की श्रीनिवास रामानुजन द्वारा दिए गए समीकरण और प्रमेय आज ब्लैक होल की गुत्थियों को सुलझाने और क्वांटम थ्योरी को समझने में वैज्ञानिकों की मदद कर रहे हैं। रामानुजन ने लगभग 3,900 गणितीय सूत्रों और निष्कर्षों की खोज स्वतंत्र रूप से की,जिनमें से अनेक बिल्कुल नए थे और उन्होंने गणित के नए शोध क्षेत्रों को जन्म दिया।कक्षा प्रभात,प्रथम एवं द्वितीय के भैया,बहनों ने सीधी और उल्टी गिनती एवं पहाड़ा सबों को सुनाया।जयंती समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्य राघव वत्स,वत्स,कल्याण भंडारी,संतोष कुमार दास, सोनू शर्मा,लिपिका राज सिंह, अर्चना वर्मा,निर्मला कुमारी ,सारिका कुमारी,सोनी कुमारी, टीनू पाण्डेय,स्नेहा भारद्वाज, क्रिस्टीना मुर्मू एवं विद्यालय के सभी भैया,बहन उपस्थित थे।

# गंगा कटाव रोकने को लेकर प्रयागराज से पहुंचे रामदास ने की पूजा-अर्चना

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** गंगा नदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर घीसू टोला गदाई दियारा में गंगा कटाव को रोकने को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रयागराज से रामदास जी महाराज को पूजा अर्चना करने के लिए बुलाया।जहां सोमवार शाम को रामदास जी महाराज ने अपने कुटिया से निकलकर पतित पावनी उत्तरवाहिनी गंगा नदी के तट पर गंगा मां की भव्य तरीके से पूजा अर्चना की।इसके बाद स्थानीय लोगों ने रामदास जी महाराज को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जहां देर शाम को सामूहिक रूप से स्थानीय महिला व पुरुष के साथ रामदास जी महाराज ने गंगा मैया की आरती करते हुए पूजा अर्चना किया। उधर गंगा कटाव को रोकने को लेकर प्रयागराज से पहुंचे रामदास जी महाराज ने बताया कि उनका यह 51 वाँ प्रयोजन है जिसमें वे गंगा कटाव को रोकने को लेकर यहां आए हुए हैं।आगे उन्होंने कहा कि अब तक वे ग्यारह बार पूरे देश में बहने वाले गंगा नदी की परिक्रमा कर चुके हैं और जहां जहां भी उन्होंने गंगा कटाव को रोकने को लेकर पूजा अर्चना किया है वहां गंगा नदी की अविरल धारा बहने लगी है।जहां उन्हें विश्वास है कि आने वाले दिनों में गोपालपुर घीसू टोला गदाई दियारा में भी गंगा का कटाव रुकेगा और यहां के स्थानीय लोग खुशहाली के साथ अपना जीवन यापन करेंगे।उधर गंगा कटाव को रोकने को आयोजित पूजा अर्चना कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंगी चौधरी के नेतृत्व में राजेंद्र चौधरी लखन चौधरी,अमरनाथ चौधरी,विपुल चौधरी कुंजबिहारी चौधरी समेत स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।जहां गंगा नदी के किनारे भारी संख्या में महिला व पुरुष गंगा मां की पूजा अर्चना करने के लिए जुटे हुए थे।

## कंगना रनौत ने की बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में पूजा- अर्चना



**संवाददाता**

**बासुकीनाथ :** प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री एवं मंडी (हिमाचल प्रदेश) की भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में विधि विधान से पूजा अर्चना किया । सांसद कंगना रनौत सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लगभग चार बजे संध्या को प्रशासनिक चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बासुकिनाथ मंदिर पहुंची । जहां भाजपा सांसद कंगना रनौत ने शिव पार्वती पूजन का संकल्प पूरी कर बाबा बासुकिनाथ मंदिर के गर्भगृह पहुंची । मंदिर के गर्भगृह में पंडित राजेश झा ( सारंग बाबा ) के अगुवाई में अन्य तीर्थपुरोहितों ने कंगना रनौत को विधि विधान से पूजा अर्चना कराया । बाबा बासुकिनाथ के बाद उन्होंने माता पार्वती एवं शत्रु संहारिणी मैया बगलामुखी का भी पूजा किया । सांसद कंगना रनौत की एक झलक पाने के लिए वहां पर मौजूद सभी अति उत्साहित नजर आये । पूजा- अर्चना के बाद अभिनेत्री सह सांसद कंगना रनौत ने बाबा बासुकिनाथ से देश की उन्नति और सुख समृद्धि की कामना किया । उसके बाद वे देवघर के लिए प्रस्थान कर गई ।

## इग्नू में जनवरी सत्र 2026 नामांकन शुरू

**दुमका :** संताल परगना कॉलेज, दुमका स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 3604 की समन्वयक प्रो. पूनम बिंझा ने जानकारी दी कि इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय देवघर के निदेर्शानुसार जनवरी सत्र 2026 के लिए नामांकन शुरू हो गया है। इच्छुक शिक्षार्थी इग्नू के आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन करा सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र 3604 के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम में प्रतिष्ठा एवं सामान्य तथा स्नातकोत्तर (हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी), पीजीडीआरडी, डिप्लोमा सहित विभिन्न सर्टिफिकेट कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रो पूनम बिंझा ने बताया एसटी एवं एससी छात्रों के लिए बीए सामान्य और बी कॉम पाठ्यक्रमों में नामांकन निःशुल्क है। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। साथ ही री- रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका : महेन्द्र राजहंस

**संवाददाता**




**दुमका :** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका में सोमवार को प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन हुआ।प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने बताया कि बैठक में छात्रों का शतप्रतिशत उपस्थिति,रेल परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन,विद्यालय में चलने वाले विशेष कक्षा एवं आनेवाले बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विशेष चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। श्री राजहंस ने कहा कि विद्यालय में विशेष कक्षा का संचालन हो रहा है। अभिभावक विशेष कक्षा के साथ साथ नियमित कक्षा में अपने बच्चों को जरूर भेजें। श्री राजहंस ने कहा कि विद्यालय के कर्मठ एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं। अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन से सम्पर्क में रहे एवं शिक्षक अभिभावक बैठक में आकर अपने सुझावों को शेयर जरूर करें। श्री राजहंस ने कहा कि इस उत्कृष्ट विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सभी साधन मैजूद है एवं शिक्षकों द्वारा नवीनतम शिक्षण विधि से शिक्षण कार्य किया जा रहा है।कहा कि सभी अभिभावक,शिक्षक अभिभावक बैठक में अवश्य भाग ले ताकि वे अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन से वाकिफ हो सके। बैठक में पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा,इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, अमित कुमार पाण्डेय,राजीव कुमार गुप्ता,स्नेहलता मराण्डी,रूपेश कुमार झा, रामप्रसाद यादव, पार्थ प्रतिम कुंडु, निवास रजक, संजय कुमार सिन्हा, अर्चना कुमारी,प्रकाश कुमार घोष, सुशीला किस्कू, पवन कुमार, तरन्नुम परवीन,माधवी लता,प्रिया हेम्ब्रम,रानी स्वेत निशा देहरी,कृश्णा कुमारी, विक्रम कुमार, सपना हेम्ब्रम,विभा यादव,शिवराम सिमोन टुडू, सुमन कुमारी, सत्यजीत कुमार, अर्चना यादव,आराधना कुमारी,काजल किरण,सरफराज अहमद,सुनन्दा कुमारी,जयन्त स्नेही,रिशु अस्मिता आनन्द,महेश गुप्ता एवं गंगाधर हेम्ब्रम के अलावे कई अभिभावक एवं विद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गंगा में पानी की कमी से फेरी सेवा पर एक बार फिर संकट मंडराने लगा है : यात्री



साहिबगंजःगंगा में पानी की कमी से फेरी सेवा पर एक बार फिर संकट मंडराने लगा है।सोमवार को मनिहारी जा रही एलसीटी निर्माणधीन गंगा पुल में एक पिलर के करीब फंस गई।मशक्कत के बाद एलसीटी मनिहारी पहुंची।इस दौरान यात्रियों में खलबली मच गई थी। यात्रा कर रहे एक यात्री ने बताया की साहिबगंज से एलसीटी 2:30 खुली थी। दोपहर लगभग 3:10 बजे गंगा पुल पिलर के निकट उसका इंजन बंद हो गया।इसके बाद दूसरा इंजन स्टार्ट किया गया।लेकिन उसका भी बेल्ट उतर गया। तब एलसीटी को स्थिर करने के लिए झगगड़ गिराया गया।काफी मशक्कत के बाद दूसरे इंजन का बेल्ट चढ़ा कर लगभग 40 मिनट के बाद एलसीटी को चालू किया जा सका।जिसके बाद शाम 3:50 बजे एलसीटी मनिहारी पहुंची।

### जेई ने पाइप आपूर्ति की समस्या बताई : रणधीर

**आम पार्टी के जिला संयोजक रणधीर प्रसाद चौरसिया ने साहिबगंज उपायुक्त को एक पत्र लिखा**

**साहिबगंज:** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित सकरीगली पंचायत समेत अन्य पंचायतों में सरकारी चापकल में पाइप लिंकेज होने के बाद भी पिछले एक साल से पेयजल आपूर्ति विभाग द्वारा नया पाइप नहीं लगाया गया है।जिससे आम आदमी और गरीब मजदूर भाइयों को पानी पीने और अन्य दैनिक कार्यों में काफी कठिनाई हो रही है।इसको लेकर आम पार्टी के जिला संयोजक रणधीर प्रसाद चौरसिया ने साहिबगंज उपायुक्त को एक पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान की मांग की है।उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति विभाग के जेई से संपर्क किया गया तो उन्होंने पाइप आपूर्ति की समस्या बताई है।इसके अलावा चापाकल ठीक करने वाले मिस्त्री का भी कोई टैंडर नहीं हुआ है,जिससे कोई मिस्त्री ठीक करने के लिए भी नहीं आ रहे हैं।उन्होंने उपायुक्त से नए पाइप की आपूर्ति जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की, चापाकल ठीक करने वाले मिस्त्री का टैंडर करवाया जाए।गरीब मजदूर भाइयों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले केउप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में नागरिक निबंधन कार्य (जन्मझ्रमृत्यु) से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया ।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त श्री सचान ने जन्मझ्रमृत्यु प्रमाण पत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर आमजनों को सुगमतापूर्वक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जन्मझ्रमृत्यु से संबंधित यूजर आईडी एवं पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष बल दिया, ताकि किसी भी प्रकार के गलत या अवैध प्रमाण पत्र का निर्गमन न हो सके। इस अवसर पर उन्होंने अपने पूर्व कायार्नुभव को भी प्रतिभागियों के साथ साझा किया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, दुमका द्वारा प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रतिभागियों को फए्शअटढएऊ उफर ढङ्ग१३' तथा समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई एवं उनके अनुपालन का अनुरोध किया गया। बताया गया कि जन्मझ्रमृत्यु निबंधन का समस्त कार्य पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान जन्मझ्रमृत्यु अधिनियम, विभिन्न प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी प्रशिक्षण सत्र में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित जीवनांक कार्य से जुड़े जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर राजमहल लोकसभा का गौरव बढ़ाया है : बजरंगी



साहिबगंजःराजमहल लोकसभा सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत साहिबगंज जिले में ओपन कुश्ती प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का भव्य कार्यक्रम सिद्धो कान्हू स्टेडियम मे किया गया।कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने नारियल फोड़कर किया।यह आयोजन राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के पहल पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इस मौके पर बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के राजमहल लोकसभा के युवाओं में खेल के प्रति समर्पण के कारण ही यहाँ के कई खिलाड़ी प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर राजमहल लोकसभा का गौरव बढ़ाने का काम किया है।कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव ने किया।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल,संयोजक सह जिला महामंत्री गौतम यादव,ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव,उपाध्यक्ष चंद्रभान शर्मा,चांदनी देवी,जिला मंत्री,गरिमा साह अध्यक्ष महिला मोर्चा,मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह,योगेश यादव,ललन सिंह,बप्पी निर्मल साह,संजीव गुप्ता,आदित्य राज,स्वेता श्रीवास्तव,कृष्णा शर्मा,ब्रह्मदेव यादव,अंगद यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जहां आम लोग नहीं पहुंच पाते, वहां हमने की शूटिंग : अमृता



**भारतीय** ओटीटी इंडस्ट्री लगातार नए और दमदार कंटेंट के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही है। बड़े फिल्ममेकर्स अब वेब सीरीज के जरिए ऐसी कहानियां लेकर आ रहे हैं, जो पहले कभी पर्दे पर देखने को नहीं मिलीं। इसी कड़ी में मशहूर निर्देशक और निर्माता नीरज पांडे 'तस्करी' नामक नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और लोकप्रिय अभिनेत्री अमृता खानविलकर अहम भूमिकाओं में हैं। यह वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अमृता खानविलकर ने इस वेब सीरीज को लेकर अपनी खुशी और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, 'नीरज पांडे जैसे निर्देशक के साथ काम करना हमेशा खास होता है, क्योंकि उनकी कहानियां वास्तविक और जमीन से जुड़ी होती हैं। 'तस्करी' की शूटिंग का अनुभव बेहद रोमांचक रहा, और इस सीरीज पर काम करते हुए मैंने हर पल कुछ नया सीखा। यह मेरे लिए एक यादगार अनुभव बन गया। अमृता ने कहा, ''सीरीज में किसी भी तरह के बनावटी सेट का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि वास्तविक जगहों पर शूटिंग हुई है ताकि कहानी ज्यादा सच्ची और प्रभावशाली लगे। शूटिंग के दौरान हमें ऐसी जगहों पर जाने का मौका मिला, जो आम लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अभिनेत्री ने कहा, ''एयरपोर्ट के भीतर के ऐसे हिस्सों में शूटिंग की गई, जहां आम यात्रियों की पहुंच नहीं होती। इसमें एयरपोर्ट के एयरपैड्स और अन्य प्रतिबंधित जोन शामिल थे। इन जगहों पर शूट करना आसान नहीं था। लेकिन, इससे सीरीज की प्रामाणिकता और भी बढ़ गई है। यह अनुभव मेरे करियर के सबसे यादगार पलों में से एक बन गया। इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर भी अमृता ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''इमरान हाशमी एक बेहद सरल और विनम्र इंसान हैं। उनके साथ काम करना पेशेवर रूप से अच्छा तो था ही, व्यक्तिगत तौर पर भी काफी सहज और आनंददायक अनुभव रहा।' अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमृता ने बताया कि 'तस्करी' में उनका रोल एक एनर्जेटिक और थोड़ी गुस्सैल लड़की का है। यह किरदार भावनाओं और जोश से भरा हुआ है, जिसे पर्दे पर निभाना उनके लिए काफी मजेदार रहा। उन्होंने कहा, ''इस किरदार की पूरी यात्रा को जीना मेरे लिए एक चुनौती भी थी और एक सुखद अनुभव भी। मैं इस बात को लेकर बेहद खुश हूं कि यह सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर दर्शकों के सामने आएगी।

**अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे और अक्षय खन्ना की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'दहेक' को रिलीज हुए 26 साल पूरे हो गए हैं।**

## सोनाली बेंद्रे को याद आए दहेक के दिन

**अभिनेत्री** सोनाली बेंद्रे ने सोशल मीडिया पर फिल्म की यादों को शेयर किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मशहूर गाना 'सावन बरसे तरसे दिल' का छोटा-सा क्लिप शेयर किया। अभिनेत्री ने फिल्म की यादों को ताजा करते हुए लिखा, '26 साल बाद भी भावनाएं आज भी बिल्कुल वैसी ही हैं। फिल्म 'दहेक' का सदाबहार गीत 'सावन बरसे तरसे दिल', जिसे बहुत ही खूबसूरती से हरिहरन और साधना सरगम ने गाया है।' पोस्ट शेयर करने के बाद अभिनेत्री के दोस्त और साथी कलाकारों ने कमेंट सेक्शन पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप और दिया मिर्जा ने हार्ट इमोजी के साथ कमेंट सेक्शन पर प्रतिक्रिया दी। बता दें कि लतीफ बिन्नी द्वारा निर्देशित फिल्म साल 1999 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय खन्ना और सोनाली बेंद्रे मुख्य भूमिका में थे।




**जेनेलिया ने पति**

# रितेश के जन्मदिन पर खोला सबसे बड़ा सीक्रेट



**बॉलीवुड** के पावर कपल जेनेलिया देशमुख और रितेश देशमुख को फैंस काफी पसंद करते हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर मजेदार वीडियो शेयर करते रहते हैं। बुधवार को अभिनेता रितेश देशमुख अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर अभिनेत्री ने खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी।

जेनेलिया ने इंस्टाग्राम पर रितेश के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में एक दूसरे की मुस्कान और करीबी साफ झलक रही है। पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'प्यारे रितेश, जो हमें जानते हैं, वे अक्सर सवाल पूछते हैं कि इतने सालों बाद भी हम साथ में इतने खुश कैसे हैं। मुझे लगता है कि इसके पीछे की असली वजह सिर्फ रितेश आप हैं। आप प्यार और अपनेपन के प्रतीक हैं। आप हर पल मुझे हंसाते रहते हैं और जब मेरी आंखों में आंसू आते हैं, तो उन्हें पोंछ भी देते हैं। ' उन्होंने रितेश की तारीफ करते बताया कि अभिनेता के अंदर लोगों से गहरा जुड़ाव रखने की अनोखी काबिलियत है। उन्होंने लिखा, 'आपके साथ रहने वाला हर व्यक्ति खुद को खास महसूस करता है। मैं भाग्यशाली हूं, क्योंकि आप मुझे एक ऐसे साथी के रूप में मिले, जिसका दिल इतना साफ है और सोचिए 24 घंटे, हर पल मैं आपके साथ रहती हूं। इस प्यारे रिश्ते के लिए मैं आपकी शुक्रगुजार हूं। अभिनेत्री ने आखिरी में लिखा, 'मैं आपको हर दिन, हर घड़ी, हर सेकंड सेलिब्रेट करूंगी क्योंकि आप मेरे लिए सबकुछ हो और उससे भी कहीं ज्यादा। हैप्पी बर्थडे मेरे दिल की धड़कन! मेरा दिल आपके पास है, इसे हमेशा संभाल कर रखना। इसी के साथ ही अभिनेता अजय देवगन ने भी जन्मदिन की बधाई देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर रितेश के साथ तस्वीर शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं रितेश देशमुख। इस साल 'रेड' तो डाल दी, अब अगले साल फिर से धमाल मचाएंगे।

# मेरे लिए प्रोजेक्ट्स के क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी महत्वपूर्ण: माधुरी दीक्षित



**बॉलीवुड** की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं। वह जल्द ही एक बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आने वाली हैं। इस बीच इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वह इतने दिनों तक स्क्रीन से दूर क्यों थीं? माधुरी दीक्षित ने कहा कि वह आजकल बहुत सोच-समझकर ही किसी प्रोजेक्ट का चुनाव करती हैं।

अब मेरे लिए फिल्मों या वेब सीरीज की क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी मायने रखती है। कलाकार को वही काम करना चाहिए जिससे उसे खुशी और संतुष्टि मिले, न कि सिर्फ स्क्रीन पर बने रहने के लिए काम करना चाहिए। माधुरी ने कहा, ''मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं, जिसे लेकर मैं हर सुबह उत्साह के साथ काम पर जाऊं। मन में यह भावना हो कि आज कुछ खास और चुनौतीपूर्ण करने जा रही हूं। यही वजह है कि मैं अब सिर्फ वही भूमिकाएं चुनती हूं, जो मुझे भीतर से प्रेरित करती हैं।'' माधुरी ने निर्देशक नागेश कुकुनूर का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा, ''मैं उन्हीं फिल्ममेकर्स के साथ काम करना चाहती हूं, जिन पर मुझे भरोसा हो कि वे कहानी और किरदार के साथ पूरा न्याय करेंगे। नागेश कुकुनूर जैसे निर्देशक किरदारों की गहराई को समझते हैं और कलाकार को अपनी पूरी क्षमता दिखाने का मौका देते हैं।

## महिला सुपर स्मैश में रन गति बढ़ाने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट ने लागू किया बोनस प्वाइंट सिस्टम




**एजेंसी**

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने महिला सुपर स्मैश के मौजूदा सत्र के लिए अंक प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए बोनस प्वाइंट सिस्टम लागू करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य मैचों में स्कोरिंग रेट बढ़ाना और घरेलू क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। नई व्यवस्था के तहत लीग चरण में जीत के लिए मिलने वाले चार अंकों के अलावा, प्रत्येक मैच में टीम एक अतिरिक्त बोनस प्वाइंट भी हासिल कर सकेगी। यह बोनस प्वाइंट तब मिलेगा जब कोई टीम 150 रन या उससे अधिक का स्कोर करेगी–चाहे वह पहले बल्लेबाजी करे या लक्ष्य का पीछा करते हुए। इसके अलावा, दूसरी पारी में विरोधी टीम की तुलना में 1.25 गुना से अधिक रन रेट हासिल करने पर भी बोनस प्वाइंट दिया जाएगा। हालांकि, एक मैच में एक टीम अधिकतम एक ही बोनस प्वाइंट अर्जित कर सकती है। एनजेडसी के अनुसार, यह फैसला अंतरराष्ट्रीय और घरेलू टूनार्मेंटों के आंतरिक विश्लेषण के बाद लिया गया है, जिसमें यह सामने आया कि वैश्विक स्तर पर स्कोरिंग रेट, बाउंड्री प्रतिशत और पहली पारी के औसत स्कोर में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि टी20 क्रिकेट में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की परिभाषा बदल रही है।

### फ्रैन जोनास ने सुपर स्मैश से नाम वापस लिया

इस बीच, ऑकलैंड और न्यूजीलैंड की बाएं हाथ की स्पिनर फ्रैन जोनास महिला सुपर स्मैश में हिस्सा नहीं लेंगी। वह अगले छह हफ्तों तक अपनी गेंदबाजी तकनीक में सुधार पर काम करेंगी और फरवरी में होने वाली हैलिबर्टन जॉनस्टोन शील्ड के दूसरे चरण में वापसी का लक्ष्य रखेंगी।

एनजेडसी की महिला हाई परफॉर्मेंस प्रमुख लिज ग्रीन ने कहा, ह्लइस समय मैच दबाव से दूर रहना फ्रैन के लिए सबसे सही फैसला है। वह व्हाइट फर्न्स की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं और उन्हें एनजेडसी व ऑकलैंड क्रिकेट का पूरा समर्थन हासिल है। इस परिपक्व निर्णय के लिए वह सराहना की हकदार हैं।ह्व

### पिछले सत्र के आंकड़े

पिछले सीजन में 32 मैचों में केवल छह बार पहली पारी में टीमों ने 150 रन का आंकड़ा पार किया था। सर्वाधिक टीम स्कोर 171 रहा। 140 से 149 के बीच कोई स्कोर नहीं बना, जबकि 131 से 140 के बीच आठ स्कोर दर्ज किए गए। वहीं, 17 पारियों में–जिनमें कुछ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल थे–पहली पारी का स्कोर 130 या उससे कम रहा।

### अंतरराष्ट्रीय तैयारी पर फोकस

न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि संशोधित अंक प्रणाली का मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम की संभावनाओं को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, ह्लयह प्रतियोगिता में एक रोमांचक बदलाव है। यह आक्रामक बल्लेबाजी और विकेट लेने वाली गेंदबाजी योजनाओं को प्रोत्साहित करेगा, जो इस फॉर्मेट की सबसे जरूरी स्किल्स हैं।

**60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला:**

# 420 धारा को लेकर शिल्पा शेट्टी ने दी प्रतिक्रिया आरोपों को बताया झूठा



**बॉलीवुड** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ हाल ही में 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी और ठगी का आरोप लगा। बड़ी रकम के निवेश, मशहूर हस्तियों की छवि और उनके व्यवसायिक जुड़ाव वाला ये मामला सुर्खियों में है। मुंबई के बिजनेसमैन दीपक कोठारी ने आरोप लगाते हुए मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले ने मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी हलचल मचा दी है। जांच के दौरान ईओडब्ल्यू के हाथ कुछ ऐसे सबूत लगे हैं जो धोखाधड़ी की ओर इशारा करते हैं, इसलिए इस मामले में धारा 420 भी जोड़ी गई है। इस कड़ी में अब शिल्पा शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है और सभी आरोपों को निराधार बताया है। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक लंबा नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। शिल्पा ने लिखा, ''हम फैलाए जा रहे बेबुनियाद और झूठे आरोपों से साफ इनकार करते हैं। जिन मुद्दों को अपराध जैसा दिखाया जा रहा है, उनका कोई कानूनी आधार नहीं है। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट में क्वाशिंग पिटीशन दायर की गई है और उसका निर्णय अभी लंबित है।

हमने जांच में पूरी तरह सहयोग किया है और हमें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। इसके साथ ही उन्होंने पोस्ट में मीडिया से भी विनती की कि मामले पर जल्दबाजी में कोई रिपोर्टिंग न करें क्योंकि यह मामला अभी अदालत में विचाराधीन है। मामले की शुरुआत दीपक कोठारी की शिकायत से हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि 2015 से 2023 के बीच उन्होंने बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी में लगभग 60 करोड़ रुपए निवेश किए। यह कंपनी शिल्पा और राज कुंद्रा से जुड़ी हुई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्हें निवेश के बदले लाभ और पैसे के रिटर्न का भरोसा दिया गया था, लेकिन बार-बार मांगने के बावजूद उनके पैसे वापस नहीं किए गए। हालांकि, शिल्पा और राज कुंद्रा ने पहले ही प्रेस में स्पष्ट कर दिया है कि उनके इरादे कभी अपराधपूर्ण नहीं थे। उनका कहना है कि यह विवाद केवल व्यापार में हुई विफलता और कंपनी के दिवालियापन से जुड़ा है।

# अरशद वारसी ने किया 'असुर 3' का एलान



**2020 में आया था पहला सीजन**

**अभिनेता** अरशद वारसी हरियाणा के गुरुग्राम में हो रहे संवाद कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान अभिनेता ने सिनेमा और अपने करियर को लेकर बात की। बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपनी लोकप्रिय सीरीज असुर को लेकर भी बड़ी अपडेट साझा की। संवाद कार्यक्रम के दौरान जब अरशद वारसी से उनके लोकप्रिय शो 'असुर' को लेकर सवाल किया गया, तो एक्टर ने इसके बारे में बड़ी अपडेट साझा की। एक्टर ने बताया कि वो जल्द ही सीजन 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अरशद ने कहा कि यह बहुत ही मुश्किल स्क्रिप्ट है लिखने में भी और एक्टिंग के लिहाज से भी। ये साइंस और मायथोलॉजी का ऐसा मिश्रण है, जिसमें आप कहीं भी न तो चूक सकते हैं और न ही लोगों से झूठ बोल सकते हैं। हम इसमें कोई भी मनगढ़ंत बातें नहीं कर सकते।

'असुर' एक साइंस-मायथोलॉजिकल शो है। इस शो का पहला सीजन साल 2020 में रिलीज हुआ था। इसे काफी पसंद किया गया था। सीरीज की कहानी और इसका कॉन्सेप्ट लोगों को काफी पसंद आया था। यही कारण था कि इसे क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने सराहा था। इसके बाद शो की लोकप्रियता को देखते हुए इसका दूसरा सीजन भी रिलीज किया गया। दूसरा सीजन तीन साल बाद साल 2023 में रिलीज हुआ था। पहले सीजन को दूसरे सीजन से जोड़ते हुए आगे बढ़ाया गया था। इसके बाद से ही फैंस तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। अब अरशद वारसी ने ये साफ कर दिया है कि सीजन 3 बन रहा है और वो जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। अरशद वारसी के इस एलान के बाद फैंस 'असुर 3' के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। शो में अरशद वारसी के साथ बरुण सोबती, अनुप्रिया गोयनका और रिद्धि डोगरा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# कृति खरबंदा, पति पुलकित सम्राट को घर पर प्यार से बुलाती हैं अन्नपूर्णा

**बॉलीवुड** की प्रेम कहानियाँ अक्सर ग्लैमर और चकाचौंध में लिपटी होती हैं, लेकिन कुछ सबसे खूबसूरत रिश्ते बेहद सादे और सच्चे पलों में जन्म लेती हैं और कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की कहानी उन्हीं में से एक है। हाल ही में करण जौहर के साथ एक बातचीत के दौरान कृति ने अपनी ज़िंदगी के उस निजी पल को साझा किया, जिसने उन्हें यह यकीन दिला दिया कि पुलकित ही वह इंसान हैं, जिनके साथ वह अपनी पूरी ज़िंदगी बिताना चाहती हैं। यह पल न तो शोहरत से जुड़ा था, न सफलता से और न ही किसी लग्ज़री से। कृति ने बताया कि यह एक देर रात की ड्राइव थी, जब दोनों बांद्रा की सड़कों से गुज़र रहे थे। उस समय तक उन्होंने अपने रिश्ते को निजी ही रखा हुआ था। शहर की शांत सड़कों पर गाड़ी चलाते हुए एक लेम्बॉर्गिनी उनके पास से गुज़री। सहज-सी जिज्ञासा में कृति ने पुलकित से पूछ लिया कि अगर कभी उनके पास बहुत सारा पैसा हुआ तो वह क्या करेंगे? पुलकित ने बिना एक पल सोचे, सड़क पर ध्यान रखते हुए जो जवाब दिया, उसने एक ही पल में सब कुछ बदल दिया। कृति ने मुस्कुराते हुए बताया, 'पुलकित ने कहा कि वह एक गुरुद्वारा बनवाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि वहाँ 24म7 लंगर चलता रहे।' यही वह क्षण था जब कृति को बिना किसी संदेह के यह एहसास हो गया कि यही वह शख्स हैं, जिनसे वह शादी करना चाहती हैं 'उस पल, प्यार एक बार फिर से हो गया,' कृति ने भावुक अंदाज़ में कहा। पुलकित की दरियादिली और खाने को लेकर पुलकित के पैशन पर कृति ने यह भी बताया कि वे घर पर पुलकित को प्यार से 'अन्नपूर्णा' कहकर बुलाती हैं।



## बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए मर्फी और रिचर्डसन टीम में शामिल, नाथन लियोन की होगी सर्जरी

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया को बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले बड़ा झटका लगा है। अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन चोट के कारण चौथे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह 25 वर्षीय ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। वहीं तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन भी चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की दहलीज पर हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि 38 वर्षीय नाथन लियोन को एडिलेड टेस्ट के आखिरी दिन फील्डिंग के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट लगी थी। विशेषज्ञ से परामर्श के बाद उनके सर्जरी कराने का फैसला लिया गया है, जिसके चलते वह ह्ललंबे समयह्व तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।

### मर्फी को मिली प्राथमिकता

लियोन के विकल्प के तौर पर टॉड मर्फी को मैथ्यू कूनमैन, कोरी रोचिचियोली और अनुभवी लेग स्पिनर मिचेल स्वीपसन पर तरजीह दी गई है। मर्फी अब तक खेले गए सात टेस्ट में 22 विकेट ले चुके हैं, सभी टेस्ट विदेश में रहे हैं। इसके अलावा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शील्ड क्रिकेट में उनके आंकड़े भी प्रभावशाली रहे हैं।अगर मर्फी एमसीजी टेस्ट खेलते हैं, तो यह 14 साल में पहला मौका होगा, जब ऑस्ट्रेलिया घरेलू टेस्ट में नाथन लियोन के अलावा किसी अकेले विशेषज्ञ स्पिनर को उतारेगा।

# घने कोहरे के कारण कई गाड़ियां आपस में टकराई दो की मौत, 16 घायल

एजेंसी

**अमेठी :** अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र से गुजरने वाले लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात भीषण सड़क दुर्घटना हो गया । जिसमें एक साथ कई गाड़ियां आपस में टकराई । इस टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस बचाव एवं राहत कार्य में जुट गई। मुसाफिरखाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर विवेक कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात्रि करीब 2 बजे के करीब लखनऊ



से सुल्तानपुर की ओर जा रहा ट्रक मंगलम डिग्री कॉलेज के पास ओवर ब्रिज से ठीक पहले ही डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। उसके पीछे चल रही चार अन्य ट्रक भी एक दूसरे में टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गए । जबकि पीछे से आ रही रोडवेज की जनरथ बस सवारियों से भरी थी। उसके ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लिया लेकिन उसके बाद भी वह सामने दुर्घटनाग्रस्त हुई ट्रक से टकरा गई। ठीक उसके पीछे चल रही एक कर वह पीछे से बस से टकरा गई। इस प्रकार एक साथ कई वाहन टकराने से कुल 16 लोग घायल हो गए जबकि दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मौके पर चीख पुकार के साथ अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस तत्काल बचाव एवं राहत कार्य में जुट गई। दुर्घटना में सभी घायलों को निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। 16 घायलों में 14 घायलों की स्थिति सामान्य है जबकि दो घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इन दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतकों में एक मृतक की पहचान मोहम्मद शमशाद निवासी जायस के रूप में हुई है। जबकि अभी दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। दोनों मृतक ट्रक के ड्राइवर हैं जबकि दोनों गंभीर रूप से घायल ट्रक के खलासी है। सड़क पर डिवाइडर लगाकर आवागमन बहाल कर दिया गया है।

## डेढ़ सौ वर्ष पुराना शिव मंदिर खंडहर में तब्दील, मरम्मत की उठी मांग

एजेंसी

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के फफूंद नगर के मोहल्ला केसरवानी में स्थित करीब डेढ़ सौ वर्ष पुराना प्राचीन शिव मंदिर आज बदहाली का शिकार होकर खंडहर बनने की कगार पर पहुंच गया है। समय के साथ मंदिर की दीवारें और ढांचा जर्जर हो चुका है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष स्नेहलता शुक्ला द्वारा मंदिर की बाउंड्री, हैंडपंप और स्टील लाइट लगवाने का कार्य कराया गया था, लेकिन इसके बाद मंदिर की नियमित देखरेख और मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में मंदिर की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। मंदिर परिसर में प्राचीन शिवलिंग के साथ नंदी महाराज, सती मां, हनुमान जी महाराज सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां विराजमान हैं, जिनमें लोगों की गहरी आस्था है। नगरवासियों का कहना है कि औरैया जनपद में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा मंदिरों की देखरेख और संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं, लेकिन फफूंद के इस ऐतिहासिक शिवालय की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर मुस्लिम आबादी के बीच स्थित है और पूर्व में इसकी देखरेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत को दी गई थी। बावजूद इसके, मंदिर की मरम्मत को लेकर नगर पंचायत में कई बार मांग उठाई गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसे लोग असंवेदनशीलता मान रहे हैं। मंदिर की मरम्मत और संरक्षण की मांग करने वालों में सुमित दुबे, मनोज दुबे, अमित पेंटर, अंजू देवी, अजय कुमारी, गोपाल गुप्ता, मोनू गुप्ता, राममोहन, कंचन, श्यामू, रेनू गुप्ता (पत्रकार), सुरेश चंद्र गुप्ता उर्फ अद्धा बाबा सहित अन्य नगरवासी शामिल हैं।

## नए साल से पहले फफूंद को नहीं मिली कोई सौगात, विकास से कोसों दूर

एजेंसी

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के कस्बा फफूंद नए साल 2026 के आगमन में अब चंद दिन ही शेष रह गए हैं, लेकिन फफूंद क्षेत्र को अब तक कोई ऐसी सौगात नहीं मिल सकी, जिससे कस्बे व आसपास के ग्रामीण इलाकों का विकास हो सके।विकास की राह ताकता यह कस्बा आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है। हालात यह हैं कि पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा सुबह से शाम तक रोजगार की तलाश में सड़कों पर चप्पलें घिसते नजर आते हैं। नगर में विकास की जिम्मेदारी नगर पंचायत के कंधों पर है, जो सीमित संसाधनों के सहारे कार्य कर रही है। सब्जी मंडी व गल्ला मंडी में जगह के अभाव के कारण व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। संकरी



सड़कों के चलते बड़े वाहन मंडी तक नहीं पहुंच पाते, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। कस्बे के मुख्य बाजार में अंग्रेजों के काल में बना विशाल मेन गेट आज भी इतिहास की यादें समेटे खड़ा है, लेकिन इसके इर्द-गिर्द विकास की तस्वीर फीकी है। एक समय फफूंद में तहसील और मुंसिफ कोर्ट हुआ करती थीं, जिससे दिनभर चहल-पहल रहती थी। लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते कस्बा विकास की दौड़ में पीछे छूट गया। आज बाजार पूरी तरह किसानों पर निर्भर है। कस्बे से कुछ ही दूरी पर गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) का पाता गैस प्लांट संचालित है, बावजूद इसके क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। पाता रेलवे स्टेशन के आसपास की सड़कें बड़े प्लॉट होने के बावजूद गड्ढों में तब्दील हैं। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर समाजसेवी लगातार आवाज उठा रहे हैं। राष्ट्रीय कोरी/कोली जागृति महासभा ने जिलाधिकारी को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेंचलाल कोरी ने बताया कि ककोर मुख्यालय से एरवा कटरा तक बस सेवा शुरू कराई जाए, देवरपुर, शेरपुर सरैया व बमुरी नहर तक सड़क निर्माण कराया जाए, पढ़ींन नदी के पुल को चालू किया जाए और जनपद भर में बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में भिजवाया जाए।

इसके साथ ही फफूंद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, डॉक्टरों की नियुक्ति, महिला चिकित्सालय में जच्चा-बच्चा वार्ड शुरू करने, महिला डॉक्टर की तैनाती और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। बेंचलाल कोरी ने कहा कि पाता प्लांट को संचालित हुए लगभग 43 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समाजसेवियों का कहना है कि फफूंद व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। नए साल से पहले भी यदि विकास की कोई ठोस पहल नहीं हुई तो यह पिछड़ा क्षेत्र यूं ही अपने दुर्भाग्य पर आंसू बहाता रहेगा।

### ढाका में हवा की गुणवत्ता खराब

## बांग्लादेश की राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर



एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका आज सुबह 9:05 बजे 252 के वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ दुनिया के सबसे खराब हवा की श्रेणी वाले शहरों की सूची में तीसरे पायदान पर रही। वायु गुणवत्ता और प्रदूषण सिटी रैंकिंग के अनुसार, ढाका की हवा को 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा गया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सूची में मिस्र का काहिरा, भारत का दिल्ली और कोलकाता क्रमशः पहले, दूसरे और चौथे स्थान पर रहे। इनका वायु गुणवत्ता सूचकांक क्रमशः 374, 290 और 210 रहा। 151 से 200 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को 'खराब' माना जाता है, जबकि 201-300 को 'बहुत खराब' और 301-400 को 'खतरनाक' माना जाता है। ढाका लंबे समय से वायु प्रदूषण की समस्याओं से जूझ रहा है। सर्दियों में इसकी हवा की गुणवत्ता आमतौर पर खराब हो जाती है और मानसून के दौरान इसमें सुधार होता है।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 201.33 अंक टूटा



**नई दिल्ली :** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला है। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट देखने को मिल रहा है। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्सेंचज (बीएसई) का सेंसेक्स 201.33 अंक यानी 0.24 फीसदी टूटकर 85,366.15 के स्?तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 45.45 अंक यानी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 26,126.95 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी दिख रही है, जबकि 11 शेयरों में गिरावट है। इसके साथ ही आईटी और फार्मा शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, बैंकिंग और मेटल शेयर्स में खरीदारी है। इसके अलावा आज बाजार में केएसएच इंटरनेशनल का आईपीओ लिस्ट होगा।

## खड़गपुर में गांजा तस्करी का भांडाफोड़ सात अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**खड़गपुर :** खड़गपुर ग्रामीण थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 22 किलो गांजा के साथ सात अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया है। सोमवार शाम खड़गपुर ग्रामीण थाना परिसर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में खड़गपुर के एसडीपीओ धीरज ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा पुलिस को हाल के दिनों में गांजा तस्करी से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर खड़गपुर ग्रामीण थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर बसंतपुर के समीप कालिआडा इलाके में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया, जिनकी तलाशी लेने पर कुल 22 किलो गांजा बरामद हुआ।



एसडीपीओ ने बताया कि कार्रवाई के दौरान आरोपितों के पास से 11 हजार रुपये नकद तथा कुछ वाहनों की फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की गई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार सभी सात आरोपित एक संगठित अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़े हैं और इनका संबंध बिहार, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से है। पुलिस के अनुसार, सभी सात आरोपितों को सोमवार खड़गपुर महकमा अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से गहन पूछताछ कर पूरे तस्करी नेटवर्क, आपूर्ति के स्रोत और संभावित ठिकानों का पता लगाने में जुटी है। एसडीपीओ धीरज ठाकुर ने कहा ह्लमादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। ऐसे अपराधों में शामिल किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा।ह्व

# मध्य प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की सर्दी, घना कोहरा भी छा रहा, 25 से अधिक जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे

- प्रदेश का पचमढ़ी रहा सबसे ठंडा, न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री तक पहुंचा

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में हो रही बर्फबारी का असर अब प्रदेश के मौसम पर भी साफ नजर आने लगा है। प्रदेश में ठंड ने तीखा रुख अपना लिया है। उत्तरी इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर तक रह गई। सोमवार को दतिया



और रीवा सबसे अधिक प्रभावित रहे। प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग के करीब 22 जिलों में घने कोहरे का असर देखा गया। ग्वालियर, मुरैना, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा और सीधी में कोहरे के साथ शीतलहर भी चली, जिससे ठंड और बढ़ गई। दतिया और रीवा में कम विजिबिलिटी के कारण सड़क और रेल यातायात पर भी असर पड़ा। प्रदेश के कई हिस्सों में कोहरे की स्थिति बनी रही। ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में घना कोहरा छाया रहा। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीहोर, रायसेन, विदिशा, शाजापुर और आगर-मालवा सहित अन्य शहरों में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 24 और 25 दिसंबर को आसमान साफ रहने की संभावना है, हालांकि ठंड का असर और बढ़ सकता है।

प्रदेश में सोमवार की रात कई शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। भोपाल और इंदौर में पारा 8.8 डिग्री, ग्वालियर में 11.3 डिग्री, उज्जैन में 11.4 डिग्री और जबलपुर में 9 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री तक पहुंच गया। इसके अलावा रीवा में 5.6 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 5.9 डिग्री, राजगढ़-खजुराहो में 7 डिग्री, सतना के चित्रकूट में 7 डिग्री, मलाजखंड में 7.4 डिग्री, बैतूल में 7.5 डिग्री, नौगांव में 7.6 डिग्री, खंडवा-सतना में 8 डिग्री, मंडला में 8.2 डिग्री, नरसिंहपुर, खरगोन-उमरिया में 8.4 डिग्री, दमोह में 8.5 डिग्री, रायसेन में 8.8 डिग्री, सागर में 8.9 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री और दतिया में पारा 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री के नाम लेने से चर्चा में आया शुभम जायसवाल का साझेदार अमित यादव

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कोडीन सिरप के तस्करी मामले में वाराणसी के फरार शुभम जायसवाल के एक साझेदार अमित यादव का नाम प्रमुखता से लिया। अमित यादव जो हरिश्चंद्र महाविद्यालय का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष है और वाराणसी की कैंट विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान समय में अमित यादव समाजवादी पार्टी के युवजन सभा का पदाधिकारी है। मुख्यमंत्री के नाम लेने से वाराणसी के अमित यादव का नाम प्रदेश में चर्चा में आया है। समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के पदाधिकारी एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमित यादव के बारे में हरिश्चंद्र महाविद्यालय के चुनाव में सक्रिय रहे। पूर्व छात्र विवेक ने बताया कि अमित यादव ने छात्रसंघ चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इसके बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से उसने भेंट की थी। वाराणसी में युवा नेताओं के साथ भी अमित की फोटो दिखती है। हिन्दू युवा वाहिनी के अम्बरीश सिंह भोला के निजी कार्यक्रम में, बार चुनाव के प्रचार के दौरान अधिवक्ता विकास सिंह के साथ, समाजवादी नेता किशमिश के साथ अमित को देखा गया है। वाराणसी के बाहर अमित के संबंध चंदौली, जौनपुर, आजमगढ़ के चर्चित नेताओं से भी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि कोडीन सिरप तस्करी मामले में अमित यादव का नाम आने पर सभी लोग चौंक गए हैं। जानकारी हो कि कोडीन सिरप के तस्करी मामले में फरार शुभम जायसवाल के साझेदार अमित यादव ने शुभम और उसकी पत्नी के एकाउंट में लेनदेन किया। जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में देते हुए जांच के बाद कार्रवाई का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में पांच स्थानों से कोडीन सिरप की तस्करी की गई है। जिसमें वाराणसी की फर्म का मालिक शुभम जायसवाल है। उसका साझेदार अमित यादव है।

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज

**जयपुर :** राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज कर उन्हें प्रोत्साहन, सुविधा एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा शिक्षा विभाग के माध्यम से आज 23 दिसंबर को जयपुर जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी दीपक शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन शहीद लेफ्टिनेंट अभय पारीक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर, जयपुर में होगा। वहीं, चयनित प्रतिभागियों की सहभागिता से बुधवार, 24 दिसंबर को संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि युवा महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की उभरती हुई प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी कला को पहचान मिल सके और वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकें। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में राज्य की दुर्लभ, पारंपरिक एवं लुप्तप्राय लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से स्थानीय युवा कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनमें लोक नृत्य, लोक संगीत, नाट्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं की प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए खुला, बर्फबारी के चलते मुगल तथा एसएसजी रोड बंद

**जम्मू :** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बहाल है जबकि मुगल रोड तथा एसएसजी रोड बर्फबारी के चलते बंद हैं। वहीं जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छोटे और बड़े वाहनों को आज राजमार्ग के दोनों तरफ से जाने की अनुमति दी गई है। जानकारी के अनुसार आज छोटे और बड़े दोनों प्रकार के वाहनों को श्रीनगर से जम्मू और जम्मू से श्रीनगर दोनों तरफ से रवाना किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार कट आफ समय के बाद किसी भी वाहन को आवाजाही की इजाजत नहीं होगी। अधिकारियों ने जाम की स्थिति से बचने के लिए वाहन चालकों को अपनी लाइन में चलने की हिदायत भी दी है। इसी बीच एसएसजी रोड और मुगल रोड ताजा बर्फबारी के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। दोनों मार्गों पर बर्फबारी के कारण फिसलन बढ़ गई। जिसके चलते दोनों मार्ग बंद किए गए हैं।

### लाखों की लूट मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में करछना थाना क्षेत्र के घोड़े डीह एवं मझुआ गांव के मध्य सोमवार देर रात हुई लाखों की लूट मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की एक टीम ने रात में नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने दी। डीसीपी यमुनानगर ने बताया कि करछना के मझुआ गांव निवासी चन्दन सोनी से सोमवार देर रात गांव के समीप गोली मारकर लगभग दो किलो चांदी एवं अन्य धातु से निर्मित जेवरात लूटकर बदमाश फरार हो गए थे। गोली से घायल आभूषण कारोबारी को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इस संबंध में पीड़ित के भाई की तहरीर तत्काल नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की टीमें लगातार संदिग्धों की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। जबकि नामजद आरोपित आशीष उपाध्याय को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़ित के भाई ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी गांव निवासी आशीष उपाध्याय से रूपए की लेन देन को लेकर रविवार दिन में विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपित ने धमकी दी थी। सहायक पुलिस आयुक्त करछना सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व पुलिस की टीमें लगातार संदिग्धों की तलाश दे रही है। इस वारदात अतिशीघ्र खुलासा किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष ने ओडिशा में मां समलेश्वरी देवी मंदिर में किए दर्शन

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ सोमवार को ओडिशा में मां समलेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन किए तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की।

मारवाड़ी समाज की पहचान है सेवा, त्याग और समर्पण

इससे पूर्व सोमवार को ओडिशा के संबलपुर में मारवाड़ महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश-दुनिया में मारवाड़ी अपनी संस्कृति को संरक्षित कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। मारवाड़ी समाज शिक्षा, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार के कार्य कर सभी जगह मेहनत व ईमानदारी से राजस्थान की मिट्टी की खुशबू को फैला रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित यह महोत्सव सांस्कृतिक एकता, लोक परंपरा और भारतीय गौरव का अद्वितीय संगम है। साथ ही, राजस्थान की लोक कला, संगीत, नृत्य, हस्तशिल्प और खानपान को एक मंच पर लाकर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को एक माला में पिरोने का सशक्त प्रयास है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की

न्यूज IN ब्रीफ

## कंबल वितरण व सुरक्षा संबंधी सुझाव को लेकर जागरूकता अभियान



**गिद्धौर (चतरा) :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार 100 आउटरीच कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव महोदय के मार्गदर्शन में सोमवार को प्रखंड के पहरा पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित कर मुखिया बेबी देवी, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, पीएलभी प्रेरणा दास, समाज सेवी मुकेश साव एवं सभी वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से पंचायत क्षेत्रों में सरकारी योजना मद से ठंड से बचाव के लिए लगभग 149 जरूरतमंद, असहाय गरीब नागरिकों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।अधिकार मित्र ने लोगों से कहा कि ठंड के मौसम में सुरक्षित रहने के लिए सिर, कान, हाथ और पैर को जरूर ढककर रखें। उचित कपड़े पहनें; कम से कम तीन परतों वाले ढीले-ढाले कपड़े, गर्म दस्ताने और जूते पहनें और अपना सिर ढकें।वहीं प्रखंड के बारिसाखी पंचायत में उप मुखिया विकास पांडेय के नेतृत्व में असहाय गरीब जरूरत मंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।मौके पर वार्ड सदस्यों के साथ साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाइक की चपेट में आने से एक महिला घायल



**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी गांव के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर सोमवार की अहले सुबह करीब 11 बजे हुई सड़क दुर्घटना में डुमरी गांव निवासी रामसेवक साव के 54 वर्षीय पत्नी मालती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला सड़क पार कर रही थी, तभी चतरा की ओर से तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल महिला को आनन फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर कर दिया।

## चाईबासा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नक्सलियों की मदद करने वाले दो लोग गिरफ्तार



**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत छोटानागरा थाना पुलिस ने नक्सल नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नक्सलियों को सामग्री और अन्य प्रकार से सहयोग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बालिबा गांव निवासी विकास होनहागा और सुदर्शन बरजो के रूप में हुई है।

**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई :** पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि दोनों आरोपी सक्रिय नक्सलियों को भोजन, सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी गतिविधियों में मदद कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद छोटानागरा थाना पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा।

**नक्सल गतिविधियों को दे रहे थे समर्थन :** इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों को सहयोग करने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार आरोपी नक्सलियों के संपर्क में रहकर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से नक्सल नेटवर्क को कमजोर करने में मदद मिलेगी और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

**पूछताछ जारी, अन्य कड़ियों की तलाश :** पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। उनसे मिली जानकारी के आधार पर नक्सलियों के अन्य सहयोगियों और नेटवर्क की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार का सहयोग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**पुलिस की कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष :** इधर, पुलिस की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लोगों ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने पुलिस के इस अभियान को सही दिशा में उठाया गया कदम बताया।

## ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी

**सिमडेगा :** जिले के बानो प्रखंड मुख्यालय में बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित एक ज्वेलरी दुकान से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। सोना कारोबारी प्रकाश सोनी की दुकान से सोने से भरा बैग चोरी हो गया।

जानकारी के अनुसार, दुकान बंद करने की तैयारी के दौरान प्रकाश सोनी ज्वेलरी को एक बैग में रखकर कुछ देर के लिए पास की दुकान से माचिस लेने चले गए। इसी बीच मौका पाकर एक युवक दुकान में घुसा और बैग लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही बानो थाना प्रभारी मानव मयंक सोनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़ित कारोबारी प्रकाश सोनी ने बताया कि बैग में करोड़ों रुपये मूल्य का सोना रखा हुआ था, जिसे वे दुकान बंद करने के बाद घर ले जाने वाले थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# धनबाद का भटिंडा फॉल सैलानियों से गुलजार प्राकृतिक सुंदरता लोगों का मोह रहा मन

संवाददाता

**धनबाद :** जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों में सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। साल 2025 की विदाई और 2026 का स्वागत करने की तैयारी में सैलानी उत्साह और उमंग के साथ जुट गए हैं। पुटकी का भटिंडा फॉल भी सैलानियों को खूब लुभाता है। गिरते हुए पानी और यहां की सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

सैलानी भरपूर ले रहे लुत्फ

भटिंडा फॉल में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। झारखंड के साथ-साथ बिहार से भी लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचने लगे हैं। भटिंडा फॉल में युवा वर्ग और बच्चे पहुंचकर भरपूर मजा उठा रहे हैं। पिकनिक मनाने वाले लोग लजीज व्यंजन बना प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले रहे हैं। यहां आने वाले सैलानियों ने बताया कि वे सभी लोग परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे हैं। भटिंडा फॉल का प्राकृतिक दृश्य बहुत ही सुंदर है जो हमें यहां खींचकर लाया है।

यहां आकर काफी सुखद अहसास हो रहा हैः पर्यटक

बिहार से आई खुशबू कुमारी ने कहा कि यहां का दृश्य काफी सुंदर है। पिकनिक मनाने के लिए हम यहां आए हैं और यहां आकर काफी सुखद अहसास हो रहा है। लोगों की भीड़ भी यहां काफी रहती है। बच्चे भी काफी मस्ती कर रहें हैं। भटिंडा फॉल में पानी के अंदर काफी खतरा भी है, इसलिए बच्चों पर नजर रखना पड़ रहा है।

बोकारो से आई आरती देवी ने कहा कि पहले कभी यहां नहीं आए थे। पहली बार यहां आने का मौका मिला है। यहां की खूबसूरती देखने के लायक है। बच्चे भी काफी आनंद उठा रहे हैं।



भटिंडा फॉल को और भी बेहतर किया जाएगाः मंत्री सुदिव्य कुमार

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार भी पिछले दिनों भटिंडा फॉल पहुंचे थे। उन्होंने भटिंडा फॉल को और भी बेहतर करने का आश्वासन दिया है ताकि यहां पहुंचने वाले सैलानी भरपूर आनंद उठा सके और उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। आने वाले दिनों में भटिंडा फॉल में गुणात्मक परिवर्तन लाने की बात भी मंत्री ने कही।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत



संवाददाता

**खूंटी :** जिले में एक ही दिन में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है। पहली दुर्घटनाः स्कूटी सवार की रहस्यमय मौत

रविवार की आधी रात में खूंटी-कर्रा मार्ग पर रेवा गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में 26 वर्षीय आसिवा मुंडू की मौत हो गई। घटना तब हुई जब आशिवा मुंडू अपनी स्कूटी से जा रहे थे और रेवा गांव से कुछ पहले तीखे मोड़ पर दुर्घटना का शिकार हो गए।

दुर्घटना के सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। यह पता नहीं चल पाया है कि यह स्कूटी के अनियंत्रित होने की वजह से हुई या किसी अन्य वाहन की चपेट में आने से। स्थानीय लोगों ने रात में सड़क किनारे घायल युवक को देखा और 112 पर कॉल कर सूचना दी। उस समय तक युवक की सांसें चल रही थीं, लेकिन एंबुलेंस के घटनास्थल पहुंचने तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक आसिवा मुंडू की पाचन बंदगांव निवासी के रूप में हुई है, और वह केंद्रीय विद्यालय में गार्ड के रूप में कार्यरत थे। उनके पिता समसोन मुंडू के अनुसार, वे छुट्टी पर घर आए थे और शाम को स्कूल के लिए रवाना हुए थे, लेकिन रास्ते में खूंटी में एक क्रिसमस गैदरिंग में गए थे। वहां से रात में स्कूल लौटते समय यह दुर्घटना घटित हुई।

दूसरी दुर्घटनाः अज्ञात वाहन से टक्कर का है जिसमें एक अन्य सड़क दुर्घटना में खूंटी जिले के अनिगाड़ा निवासी भीम सेन पहन के 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक पहन की अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है। आसिवा मुंडू के शव को आत्मपरीक्षण के बाद परिवार को सौंप दिया गया है, जबकि अभिषेक पहन के शव का भी अंत्यपरीक्षण किया गया। इन दोनों दुर्घटनाओं ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के महत्व और दुर्घटनाओं के कारणों की त्वरित जांच की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## रांची के नगर आयुक्त सुशांत गौरव अपने बेहतर कार्य से दे रहे हैं विकास को गति



बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी तथा रांची के नगर आयुक्त सुशांत गौरव के नगर आयुक्त के रूप में योगदान देने के पश्चात से नागरिक सुविधा,जन अपेक्षा के अनुरूप कार्य और विभाग अधीन कार्यों का निष्पादन बेहतर और सुचारू ढंग से किया जा रहा है। विगत दिन रात्रि बेला में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नगर आयुक्त सुशांत गौरव और उपायुक्त मंजूनाथ भजोंत्री के साथ राजधानी की सुविधा और व्यवस्था को देखा और नगर के कार्यों और सुविधा को बेहतर माना और संतुष्ट भी हुए।नगर आयुक्त का मानना है कि रांची नगर निगम लोगों को बेहतर सुविधा सहज और सुलभ रुप से देने के लिए कटिबद्ध है और इसके लिए कारगर उपाय किए जा रहे हैं।राजस्व के रूप में बकाये राशि की प्राप्ति के लिए कारगर पहल जारी है।बकाये राशि की भुगतान होने से सुविधा में और भी इजाफा होगा।

गौरतलब हो कि श्री गौरव इससे पूर्व सिमडेगा और गुमला के डीसी रह चुके हैं तथा खेल विभाग और उद्योग विभाग में भी पदस्थापित रहे हैं उनके बेहतर कार्य के फलस्वरूप उन्हें आर आर डी ए के उपाध्यक्ष का भी दायित्व मिला हुआ है जो उनके कुशल प्रशासनिक दक्षता का परिचायक है। ऐसे आईएएस अधिकारी से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

# कोडरमा जंक्शन पर एक की तबीयत बिगड़ी,मौत

संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जंक्शन पर एक सरकारी कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा (बिहार) निवासी 49 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में हुई है। वे मरकच्चो प्रखंड कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार पंकज कुमार जम्मूतवी एक्सप्रेस से गया जी अपनी पत्नी से मिलने जा रहे थे। ट्रेन खुलने में कम समय बचा था, इसी जल्दबाजी में वे प्लेटफॉर्म पर दौड़ पड़े। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गिरकर बेहोश हो गए। घटना के बाद स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

मौके पर मौजूद यात्रियों और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने तुरंत मदद की। आरपीएफ के जवान उन्हें अपने वाहन से एक निजी क्लिनिक ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हृदय गति रुकना माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी।

घटना की सूचना मिलने पर मरकच्चो प्रखंड के बीडीओ, कार्यालय के कर्मचारी और जिले के वरिष्ठ अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों को भी जानकारी दी गई, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

बताया गया है कि पंकज कुमार पिछले दो वर्षों से मरकच्चो प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित थे। इससे पहले वे निर्वाचन विभाग में कार्यरत थे। उनकी पत्नी गया जी जिले में शिक्षिका हैं और उनके दो छोटे बच्चे हैं।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत छायानगर दुर्गा मंदिर के पास रहने वाली युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार देर शाम की है। जानकारी मिलने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अंजना को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के वक्त युवती के पिता दुकान पर थे। वह अपनी मां के साथ घर पर अकेली थी।

## अधिकारियों की उदासीनता प्रखंड के विकास में बाधक

# शिविर में नहीं पहुंचे अधिकारी, मायूस होकर लौटे लोग

### मेहनत, मजदूरी छोड़ शिविर में पहुंचे थे ग्रामीण

संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड में सरकार के द्वारा लोक शिकायत निवारण, जनसेवा प्रदायगी को सुदृढ़ करना व सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के साथ ही आम जनता को सरकारी योजनाओं व सेवाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पंचायत सचिवालय में सुशासन सप्ताह चल रहा है । लेकिन अधिकारियों की उदासीनता प्रखंड के विकास में बाधक बन रही है। हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के तिलहेत पंचायत सचिवालय में सोमवार को सुशासन सप्ताहके तहत शिविर लगाया गया। हालांकि शिविर में जिला व प्रखंड के कोई भी अधिकारी, कर्मचारी व पंचायत सेवक नहीं पहुंचे। ऐसे में शिविर में पहुंचे ग्रामीण निराश होकर लौट गये। शिविर में सिर्फ जल सहिया व एएनएम ही मौजूद थे। वहीं रोजगार सेवक 12:59 अपराह्न में पहुंचे।




जानिए पूरा मामला

सुशासन सप्ताह अभियान के तहत सोमवार को हंटरगंज प्रखंड के तिलहेत, केदलीकला, उरैली, जबड़ा सलैया व कोबना पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया था। इस दौरान तिलहेत पंचायत सचिवालय में अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर अव्यवस्था से नाराज हो ग्रामीण लौट गये। ग्रामीणों ने बताया कि मईया सम्मान योजना, जाति, आवासीय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र,अबुआ आवास, पेंशन, जमीन विवाद आदि समस्याओं का समाधान ऑन स्पाट होने की बात कहकर उन्हें शिविर में बुलाया गया था। घर में खेती- बाड़ी व मजदूरी का काम छोड़ सभी शिविर में आये थे। अधिकारियों व कर्मचारियों के नहीं पहुंचने से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। अभियान के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। इस संबंध में हंटरगंज बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं, जानकारी के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।